दैनिक हिन्दी अख़बार
# सच बेधड़क
www.sachbedhadak.com | twitter.com/sachbedhadak | facebook.com/sachbedhadak
YouTube: youtube.com/@sachbedhadak | Instagram: instagram.com/sach_bedhadak
वर्ष: 3 | अंक: 143 जयपुर, शुक्रवार, 03 मई, 2024 | वैशाख, कृष्ण पक्ष- नवमी, विसं 2081 पृष्ठ: 10 | मूल्य: 2.00

## जरूरी खबर

### नांदसी: पुनर्मतदान में 68 फीसदी से ज्यादा वोटिंग



**अजमेर।** अजमेर लोकसभा क्षेत्र के मसूदा विधानसभा में भिनाय तहसील के नांदसी गांव के राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय में बूथ संख्या 195 पर पुनर्मतदान शांतिपूर्ण संपन्न हुआ। यहां 753 कुल मतदाता हैं, इनमें से 518 मतदाताओं ने अपने मताधिकार का उपयोग किया। द्वितीय चरण के चुनाव में इस बूथ पर 395 मतदाताओं ने मतदान किया था, यहां दोबारा हुए मतदान में वोटिंग प्रतिशत बढ़ा है। यहां कुल मतदान 68.79% हुआ। प्रदेश में यह पहला मामला है।

पेज 2 भी देखें

### रोडवेज ने कार को मारी टक्कर, चार की मौत



**संभल।** जिले के आगरा-मुरादाबाद नेशनल हाईवे पर गुरुवार को भीषण सड़क हादसा हो गया। यहां रोडवेज बस की टक्कर से कार सवार दो बच्चों और दो महिलाओं की मौत हो गई। हादसे में दो अन्य लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। पुलिस ने शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। कार सवार सभी लोग मथुरा वृंदावन दर्शन के लिए जा रहे थे। यह हादसा गुन्नौर थाना इलाके के आगरा मुरादाबाद नेशनल हाईवे के गांव बिचपुरी सैलाब में हुआ। कार में जनपद रामपुर निवासी 35 वर्षीय राजमाला, 30 वर्षीय मीना, 8 वर्षीय राधिका और 6 वर्षीय दंशा कार में सवार थे।

सच बेधड़क
दैनिक हिन्दी अख़बार
अख़बार की प्रति प्राप्त करने के लिए
+91 96640 14179
+91 97830 45155
पर सम्पर्क कर अपना पता नोट करवाएं।

## राजस्थान हाई कोर्ट ने भजनलाल सरकार को दिया आदेश... कहा- किसी भी सूरत में नहीं होने चाहिए बाल विवाह

# 'प्रदेश में बाल विवाह नहीं रुके तो पंच-सरपंच होंगे जिम्मेदार'

**बेधड़क | जयपुर**

प्रदेश में बाल विवाह निषेध कानून और सरकार की ओर से उठाए गए तमाम प्रयासों के बावजूद बाल विवाह नहीं रुक पा रहे हैं। यही वजह है कि अब राजस्थान हाई कोर्ट ने राज्य की भजनलाल सरकार को बाल विवाह नहीं होने देने के लिए जरूरी और गंभीर कदम उठाने के लिए दिशा निर्देश जारी किए हैं।

हाई कोर्ट जस्टिस शुभा मेहता ने कहा है कि प्रदेश में कहीं भी किसी भी सूरत में बाल विवाह नहीं होना चाहिए। इसके लिए पंच-सरपंच को जागरूक किया जाए, अगर जिम्मेदारी का निर्वाहन करने में जनप्रतिनिधि विफल है, तो उनकी भी जवाबदेही तय की जाएगी।

पंचायती राज नियम के तहत बाल विवाह रोकना पंच-सरपंच की ड्यूटी है। बचपन बचाओ आंदोलन और अन्य की PIL पर जस्टिस पंकज भंडारी और जस्टिस शुभा मेहता की खंडपीठ ने यह आदेश दिए हैं। आदेश की कॉपी सीएस सहित सभी जिला मजिस्ट्रेट को भेजी गई है।



### 19 साल की 3.7% लड़कियां बनी मां

अदालत ने अपने आदेश में ये साफ किया है कि राष्ट्रीय परिवार स्वास्थ्य सर्वेक्षण की रिपोर्ट के मुताबिक, राजस्थान में 19 साल की लड़कियों में 3.7 प्रतिशत महिलाएं या तो मां बन चुकी हैं या फिर वे गर्भवती हैं। PIL में ये भी बताया गया है कि 20-24 साल की महिलाओं में 25.4 फीसदी लकड़ियों की शादी 18 साल से पहले ही हो जाती है। राजस्थान के शहरी क्षेत्र में ये प्रतिशत 15.1 है, जबकि ग्रामीण इलाकों में ये आंकड़ा 28. 3 हो जाता है।

### राज्य सरकार ने कोर्ट में यह कहा

राज्य सरकार की ओर से दिए गए जवाब में एएजी बीएस छाबा ने कहा कि सरकार बाल विवाह रोकने के लिए प्रयास कर रही है। 1098 नंबर पर बाल शोषण और बाल विवाह की शिकायत की जा सकती है।

## वेस्टर्न डिस्टर्बेंस एक्टिव...
## मई की शुरुआत में भी कम रहा तापमान

# प्रदेश के 9 जिलों में आज बारिश का अलर्ट



### प्रदेश के प्रमुख शहरों का तापमान

| शहर | अधिकतम | न्यूनतम |
|---|---|---|
| अजमेर | 34.9 | 22.9 |
| भीलवाड़ा | 37.2 | 16 |
| अलवर | 34.5 | 19.8 |
| जयपुर | 34.8 | 22.5 |
| पिलानी | 34.4 | 15.7 |
| सीकर | 33 | 17 |
| कोटा | 37.8 | 20.7 |
| चित्तौड़गढ़ | 38.2 | 22 |
| उदयपुर | 37.4 | 18.4 |
| धौलपुर | 36.3 | 20.4 |
| बारां | 36.4 | 14.5 |
| डूंगरपुर | 39.5 | 21.7 |
| सिरोही | 37.9 | 18.6 |
| करौली | 36.1 | 16.8 |
| बाड़मेर | 40.4 | 23.8 |
| पाली | 35.8 | 17.6 |
| जैसलमेर | 35.6 | 21.6 |
| जोधपुर | 36.6 | 22 |
| बीकानेर | 34.3 | 19.6 |
| चूरू | 33.8 | 16.9 |
| श्रीगंगानगर | 32.8 | 18.2 |
| हनुमानगढ़ | 31.4 | 15.3 |
| जालोर | 39 | 21.6 |




**बेधड़क | जयपुर**

प्रदेश में मौसम को लेकर रोज नए बदलाव देखने को मिल रहे हैं। मई माह के शुरुआती दो दिनों में तापमान 40 डिग्री सेल्सियस से ऊपर नहीं पहुंचा। दूसरी ओर मौसम विभाग ने आगामी दो दिनों में प्रदेश के 9 जिलों में बारिश का अलर्ट जारी किया है। मौसम विशेषज्ञों की मानें तो 3 मई को एक वेस्टर्न डिस्टर्बेंस एक्टिव होगा, जिसका असर उत्तर-पश्चिमी जिलों में देखने को मिल सकता है। यहां हल्की धूलभरी हवा चलने के साथ आसमान में देर रात बादल छा सकते हैं। प्रदेश के श्रीगंगानगर, हनुमानगढ़, चूरू, बीकानेर, सीकर, पिलानी, जयपुर, अजमेर में दिन का अधिकतम तापमान 35 डिग्री सेल्सियस से नीचे रहा। हनुमानगढ़ में सबसे कम गर्मी रही, यहां का अधिकतम तापमान 31.4 डिग्री सेल्सियस रहा। गंगानगर में दिन का अधिकतम तापमान 32.8, चूरू में 33.8, सीकर में 33, अलवर में 34.5, जयपुर में 34.8, अजमेर में 34.9, बीकानेर में 34.3 और पिलानी में 34.4 डिग्री सेल्सियस दर्ज हुआ।

### आज इन जिलों में आंधी-बारिश की चेतावनी

मौसम केंद्र जयपुर ने 3 मई को प्रदेश के कई जिलों में आंधी चलने के साथ कहीं-कहीं बादल छाने और हल्की बारिश या बूंदाबांदी होने की संभावना जताई है। ये अलर्ट झुंझुनूं, सीकर, जैसलमेर, हनुमानगढ़, चूरू, बीकानेर, गंगानगर, जोधपुर और नागौर जिलों के लिए जारी किया है। इस दौरान कहीं-कहीं 50 किमी स्पीड से धूलभरी आंधी चल सकती है, जबकि कुछ जगह ओले गिरने और बिजली चमकने की भी आशंका जताई है।

### इस माह पारे में बना रहेगा उतार चढ़ाव

मौसम केंद्र नई दिल्ली ने मई के मौसम का पूर्वानुमान जारी किया है। इसमें राजस्थान के उत्तर-पश्चिमी हिस्सों में बारिश सामान्य से थोड़ी ज्यादा होने की संभावना जताई है। वहीं दिन और रात का तापमान कुछ जगह सामान्य तो कुछ जगह सामान्य से थोड़ा ज्यादा रहने की संभावना व्यक्त की है। इस महीने राज्य के कई हिस्सों में हीट वेव चलने की भी संभावना जताई है।

## हेमंत प्रियदर्शी एडीजी एससीआरबी बने

# रवि प्रकाश मेहरडा एसीबी के नए डीजी नियुक्त

**बेधड़क | जयपुर**



रवि प्रकाश मेहरडा हेमंत प्रियदर्शी

प्रदेश सरकार ने गुरुवार को एक आदेश जारी कर तीन आईपीएस अधिकारियों के तबादले कर दिए हैं। एसीबी की कमान अब सरकार ने 1990 बैच के आईपीएस रवि प्रकाश मेहरडा को सौंपी है। मेहरडा अभी तक डीजी एससीआरबी थे। अब सरकार ने उन्हें महत्वपूर्ण जिम्मेदारी सौंपी हैं। वहीं, एसीबी में करीब सवा साल से कार्यवाहक डीजी का पद संभाल रहे एडीजी हेमंत प्रियदर्शी को एसीबी से हटाकर एडीजी एससीआरबी में भेज दिया गया है।

सरकार ने आईपीएस सचिन मित्तल को एडीजी भर्ती एवं पदोन्नति बोर्ड में लगाया हैं। हेमंत प्रियदर्शी को एसीबी से हटाने के पीछे कुछ दिनों में एसीबी की गिरती परफोर्मेंस से जोड़कर भी देखा जा रहा है। दरअसल, पिछले माह एसीबी ने एकल पट्टा प्रकरण में सुप्रीम कोर्ट मे जवाब पेश करते हुए शांति धारीवाल सहित अधिकारियों को क्लीन चिट दे दी थी। इससे सरकार की किरकिरी हुई थी।

# रोचक मुकाबले में हैदराबाद ने रॉयल्स को 1 रन से हराया

**एजेंसी | लखनऊ**

इंडियन प्रीमियर लीग में गुरुवार के रोमांचक मुकाबले में सनराइजर्स हैदराबाद ने राजस्थान रॉयल्स को एक रन से हरा दिया। टीम के भुवनेश्वर कुमार ने आखिरी ओवर में रोवमन पॉवेल और रविचंद्रन अश्विन के खिलाफ 13 रन डिफेंड किए। हैदराबाद से पैट कमिंस और थंगारसु नटराजन ने 2-2 विकेट लिए। राजस्थान से रियान पराग ने 77 और यशस्वी जायसवाल ने 67 रन बनाए। हैदराबाद ने पहले बैटिंग करते हुए 20 ओवर में 3 विकेट के नुकसान पर 201 रन बनाए। राजस्थान 20 ओवर में 6 विकेट गंवाकर 200 रन ही बना सकी।



रियान पराग

## 2369 पन्नों की चार्जशीट में जोड़ी 6 नई धाराएं

# एसओजी ने एसआई पेपर लीक के मास्टरमाइंड समेत 25 को बनाया दोषी

- पेपर लीक केस में एसओजी अब तक कर चुका है 43 आरोपियों को अरेस्ट
- पेपर लीक माफिया जगदीश और चयनित सब इंस्पेक्टरों के खिलाफ चालान पेश
- अब इस मामले में 4 मई को होगी अगली सुनवाई

**बेधड़क | जयपुर**

सब इंस्पेक्टर (एसआई) भर्ती परीक्षा 2021 के पेपर लीक मामले में एसओजी ने गुरुवार को 25 आरोपियों के खिलाफ कोर्ट में चालान पेश कर दिया है। एसओजी की ओर से 17 चयनित एसआई और गिरोह के सरगना जगदीश विश्नोई सहित कुल 25 आरोपियों के खिलाफ चालान पेश किया गया। एसओजी की टीम ने मजिस्ट्रेट जयपुर महानगर द्वितीय में 2 हजार 369 पन्नों का चालान पेश किया। मामले की जांच 173(8) में अभी पेंडिंग है। इस मामले में गिरफ्तार हो चुके अन्य आरोपियों के खिलाफ भी जल्द ही एसओजी कोर्ट में चालान पेश करेगी। गौरतलब है कि एसआई भर्ती परीक्षा पेपर लीक मामले की जांच एसओजी बड़ी गहनता से कर रही है। पेपर लीक माफिया जगदीश विश्नोई की गिरफ्तारी के बाद एसओजी को इस भर्ती परीक्षा में हुए सारे फर्जीवाड़े का पता चल गया। एसओजी ने 40 आरोपियों के खिलाफ नामजद एफआईआर दर्ज कर जांच शुरू की थी। अब तक 36 ट्रेनी सब इंस्पेक्टर सहित 43 आरोपियों की पेपर लीक के मामले में गिरफ्तारी हो चुकी है, जबकि एक दर्जन से ज्यादा चयनित सब इंस्पेक्टर अभी एसओजी की रडार पर है।



### सुनवाई के बाद होगी ट्रायल

एसओजी को मामले की जांच करते हुए 60 दिन का समय हो चुका था, इसलिए गुरुवार को कोर्ट में चालान पेश करना था। एसओजी द्वारा पेश किए चालान पर अब सुनवाई होगी। सुनवाई के बाद आरोपियों के खिलाफ ट्रायल चलेगी। एसओजी ने कोर्ट में जो चालान पेश किया है, उसमें धाराएं बढ़ा दी गई है। एसओजी ने जब पेपर लीक की एफआईआर दर्ज की थी तो उसमें 419, 420, 466, 468, 471 आईपीसी में मामला दर्ज किया था, लेकिन अब एसओजी ने आरोपियों के खिलाफ चालान में 477, 477-A, 408, 409/34, 201,120-बी की धारा लगाई है।

### जमानत मामले पर हाई कोर्ट करेगा सुनवाई

एसआई भर्ती पेपरलीक केस में एसओजी ने 36 ट्रेनी एसआई और 7 अन्य आरोपियों को गिरफ्तारी किया है। इनमें से 11 ट्रेनी एसआई और एक कांस्टेबल को जयपुर मेट्रो-द्वितीय की सीएमएम कोर्ट ने 12 अप्रैल को जमानत दे दी थी। इसके खिलाफ सरकार हाईकोर्ट गई थी, जहां 15 अप्रैल को सुनवाई के बाद सीएमएम कोर्ट के आदेश पर रोक लगा दी गई थी। इस फैसले के खिलाफ आरोपी सुप्रीम कोर्ट पहुंचे थे। आरोपियों की ओर से कहा गया था कि उनके रिलीज ऑर्डर जारी हो चुके थे, लेकिन हाईकोर्ट ने गलत तरीके से उनकी रिहाई पर रोक लगाई है। गिरफ्तार ट्रेनी एसआई की एसएलपी पर सुनवाई करते हुए सुप्रीम कोर्ट ने 26 अप्रैल को हाईकोर्ट को निर्देश दिए थे कि वे 1 मई से सप्ताह भर के अंदर सुनवाई पूरी करके फैसला दे। अब हाईकोर्ट इस मामले में 6 मई को फाइनल सुनवाई करेगा।

## जरूरी खबर

### अस्पतालों में लू और आगजनी से बचाव पर चर्चा




**जयपुर।** प्रदेश में लू-तापघात से बचाव एवं अस्पतालों में आगजनी की घटनाओं से बचाव संबंधी व्यवस्थाओं के लिए गुरुवार को स्वास्थ्य भवन में वीडियो कॉन्फ्रेंस के माध्यम से समीक्षा की गई। निदेशक जनस्वास्थ्य डॉ. रवि प्रकाश माथुर ने बताया कि बैठक में गर्मी जनित बीमारियों से बचाव के संबंध में जिला स्तरीय कार्य योजना बनाने के पर चर्चा की। इस दौरान आमजन को गर्मी जनित बीमारियों से बचाव एवं अस्पतालों में आगजनी की घटनाओं को रोकने के लिए व्यवस्थाएं करने के निर्देश दिए।

### भाटी को जेड प्लस सुरक्षा देने की मांग, सौंपा ज्ञापन

**चाकसू।** राजपूत सभा अध्यक्ष रामसिंह राजावत चन्दलाई के नेतृत्व में समाज के प्रबुद्ध लोगों के प्रतिनिधि मंडल ने गुरुवार को जिला कलेक्टर को मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के नाम का सौंपा। इसमें शिव विधायक एवं लोकसभा प्रत्याशी रविंद्र सिंह भाटी को अविलम्ब जेड प्लस सुरक्षा मुहैया करने की मांग की गई। शिष्ट मण्डल ने ज्ञापन में बताया कि विगत कई दिनों से भाटी को जान से मारने की धमकियां मिल रही है। इससे राजपूत समाज चिंतित एवं सरकार की निष्क्रियता से आक्रोशित है। इस दौरान उपाध्यक्ष प्रताप सिंह राणावत, धीरसिंह शेखावत, मोहन सिंह बगड, प्रधुम्न सिंह मूडरू, गजराज सिंह राजावत सहित गणमान्य लोग मौजूद रहे।

### 'एक परिंडा मेरा भी' अभियान आज से शुरू



**बेधड़क.जयपुर।** भाजपा युवा मोर्चा की ओर से गर्मी में पशु-पक्षियों के पानी की व्यवस्था के लिए 'एक परिंडा मेरा भी' अभियान का शुभारंभ शुक्रवार से किया जाएगा। भाजपा युवा मोर्चा की ओर से अभियान के तहत प्रदेशभर में 1 लाख परिंडे और 1 हजार पानी की टंकी लगाई जाएगी। पशु-पक्षियों के लिए परिंडे लगाने के साथ ही इनमें चुग्गे-पानी डालने तक की जिम्मेदारी तय की जाएगी। भाजपा युवा मोर्चा प्रदेशाध्यक्ष अंकित गुर्जर चेची ने बताया कि राजधानी जयपुर से पक्षियों के लिए परिंडे लगाकर अभियान की शुरूआत की जाएगी। 17 मई तक चलने वाले इस अभियान में एनजीओ, धार्मिक-सामाजिक संस्थाओं के लोगों को जोड़ कर उनको भी जिम्मेदारी दी जाएगी।

---

**एक सप्ताह में दूसरी बार टीम ने किया निरीक्षण,** एनजीटी को भेजी जाएगी रिपोर्ट

# केवलादेव उद्यान में फिर पहुंची टीम, कटे मिले सैकड़ों पेड़

**बेधड़क** | जयपुर

केवलादेव राष्ट्रीय उद्यान में पेड़ और झाड़ियां काटने के मामले में नेशनल ग्रीन ट्रिब्यूनल (एनजीटी) द्वारा गठित कमेटी एक सप्ताह में दोबारा निरीक्षण करने पहुंची। कमेटी ने उद्यान के मलाह, श्रीनगर और अघापुर क्षेत्र समेत कई क्षेत्रों में निरीक्षण किया।

कमेटी के सदस्यों को इस बार के निरीक्षण में कई जगह पर बड़ी संख्या में कटे और उखाड़े हुए पेड़ मिले हैं। अब कमेटी निरीक्षण के आधार पर अपनी रिपोर्ट तैयार कर एनजीटी को भेजेगी। केवलादेव राष्ट्रीय उद्यान के डीएफओ मानस सिंह ने बताया



कि गुरुवार को एनजीटी द्वारा गठित कमेटी उद्यान में दोबारा निरीक्षण करने पहुंची। इससे पहले कमेटी ने 25 अप्रैल को निरीक्षण किया था। कमेटी में भरतपुर एसडीएम, राजस्थान पॉल्यूशन कंट्रोल बोर्ड के क्षेत्रीय अधिकारी और एनजीटी में शिकायत करने वाले पर्यावरणविद डॉ केपी सिंह मौजूद थे। डीएफओ मानस सिंह ने बताया कि कमेटी ने घना के कई क्षेत्रों का निरीक्षण किया। कमेटी के सदस्यों ने उद्यान के ओ ब्लॉक में तैयार कराए गए डिग्गी (जलाशय) का निरीक्षण किया। यहां बड़े क्षेत्र में जलाशय निर्माण कराए गए हैं। इसके बाद कमेटी ने अघापुर चौकी के चारदीवारी क्षेत्र, मलाह चौकी व श्रीनगर क्षेत्र का भी निरीक्षण किया। इस क्षेत्र में कच्ची सड़क निर्माण के लिए जेसीबी व अन्य माध्यम से बड़ी संख्या में पेड़ उखाड़े व काटे गए हैं। आशंका है कि ओ ब्लॉक में जलाशय निर्माण के लिए भी पेड़ों की कटाई की गई है।

#### दूसरी कच्ची सड़क बनाने की तुक नहीं

असल में घना में पहले से ही चारदीवारी क्षेत्र एक कच्चा सड़क मार्ग उपलब्ध था। बावजूद इसके बराबर में दूसरा कच्चा मार्ग तैयार किया गया है। घना के जिम्मेदारों का कहना है कि यह कच्ची सड़क विभाग के कर्मचारियों की गशत के लिए तैयार किया गया है। जबकि हकीकत में पहले से उपलब्ध कच्चे सड़क मार्ग को वर्षों से विभाग काम में लेता रहा है।

#### 26 किमी क्षेत्र में काटे सैकड़ों पेड़

असल में वर्ष 2023 में घना में करीब 29 वर्ग किलोमीटर में फैले केवलादेव राष्ट्रीय उद्यान के अंदर चारों तरफ चारदीवारी के पास में करीब 26 किमी क्षेत्र में कच्ची सड़क का निर्माण किया गया। सड़क निर्माण के दौरान उद्यान में मौजूद करीब एक दर्जन से भी अधिक प्रजाति के सैकड़ों पेड़ों व झाड़ियों को काट दिया गया। इनमें देशी कदम, देशी बबूल, बेर, हींस, करील, पापड़ी, नीम आदि के पेड़ शामिल हैं। काटे गए पेड़ों की उम्र करीब 25 से 30 वर्ष तक थी। इन पेड़ और झाड़ियों के कटने से हैविटाट नष्ट हुआ। पेड़ों और झाड़ियों के कटने से अजगर, सेही, जरख, गोल्डन जैकोल, बुलबुल की प्रजाति, चूहों की प्रजाति, येलो थ्रोटेड स्पैरो आदि जीव और पक्षियों की प्रजातियों का हेविटाट नष्ट हो गया है। इससे सीधे-सीधे ये जीव और पक्षी प्रभावित होंगे। साथ ही झाड़ियों के कटने से छोटी प्रजाति के पक्षी, सरीसृप की प्रजातियां भी प्रभावित होंगी।

---

**प्रदेश उपाध्यक्ष दाधीच और महामंत्री** बगड़ी को भी मिली जिम्मेदारी

# प्रदेश BJP नेता दूसरे राज्यों में जीत के लिए जुटे जी-जान से

**बेधड़क** | जयपुर

लोकसभा चुनाव के तीसरे और चौथे चरण के चुनाव प्रचार के लिए प्रदेश भाजपा के नेता अब दूसरे राज्यों में चुनाव प्रचार के लिए जी-जान से जुटे हुए हैं। भाजपा प्रदेश पदाधिकारियों को अलग-अलग राज्यों की चुनाव प्रचार की कमान सौंपी गई हैं। इसके तहत ये नेता प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और गृह मंत्री अमित शाह की जनसभा, रैलियों और रोड शो के समन्वय की जिम्मेदारी निभाएंगे।

भाजपा प्रदेश महामंत्री श्रवण सिंह बगड़ी को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की जनसभाओं की तैयारियों के लिए आंध्रप्रदेश का जिम्मा दिया गया है। वहीं, भाजपा प्रदेश उपाध्यक्ष मुकेश दाधीच को तेलंगाना में बूथ मैनेजमेंट सहित जनसभाओं की तैयारियों का जिम्मा सौंपा गया है। इन दोनों नेताओं ने राजस्थान चुनाव के दौरान पीएम मोदी और गृहमंत्री सहित केंद्रीय नेताओं की सभाओं की तैयारियों में अहम भूमिका निभाई थी। प्रदेश में लोकसभा चुनाव के दोनों चरणों के मतदान के बाद मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने प्रदेश उपाध्यक्ष मुकेश दाधीच और प्रदेश महामंत्री श्रवण सिंह बगडी के चुनाव प्रबंधन की सार्वजनिक रूप से प्रशंसा की थी।

चुनाव प्रबंधन और प्रवास कार्यक्रमों के बेहतर समन्वय के चलते ही प्रदेश में पीएम मोदी सहित अन्य केंद्रीय नेताओं की जनसभाओं का सफल बनाया जा सका। ऐसे में लोकसभा चुनाव के तीसरे चरण का मतदान 7 मई को तथा चौथे चरण का मतदान 13 मई को होना है। तीसरे चरण के तहत गुजरात की 26, महाराष्ट्र की 11, उत्तर प्रदेश की 10 सीटों के साथ 12 राज्यों की 94 लोकसभा सीटों पर मतदान होना है।

वहीं 13 मई को होने वाले चौथे चरण के मतदान में आंध्र प्रदेश की सभी 25, तेलंगाना की 17 सीटों सहित 10 राज्यों की 96 लोकसभा सीटों पर मतदान होना है। ऐसे में भाजपा नेताओं पर मतदान प्रतिशत बढ़ाने सहित संगठन मजबूत करने का दारोमदार है। इसके लिए भाजपा ने प्रदेश के नेताओं सहित मंत्रियों को भिन्न-भिन्न राज्यों में ब्लॉक, शक्ति केंद्र, बूथ स्तर सहित नव मतदाताओं पर विशेष फोकस किया है।





#### प्रदेश के ये BP नेता उड़ीसा में करेंगे प्रचार

लोकसभा चुनाव के तीसरे चरण के चुनाव प्रचार के लिए पूर्व विधायक रामलाल शर्मा, भाजपा प्रदेश उपाध्यक्ष नाहर सिंह जोधा, प्रदेश मंत्री मिथलेश गौतम एवं प्रदेश प्रवक्ता नरेंद्र कटारा उड़ीसा में भाजपा की जीत के लिए प्रचार का करेंगे। भाजपा प्रदेश उपाध्यक्ष नाहर सिंह जोधा ने बताया कि गुरुवार को प्रदेश भाजपा के सभी नेता सांगानेर एयरपोर्ट से उड़ीसा के लिए रवाना हुए। ये सभी नेता उड़ीसा में भाजपा प्रत्याशियों की चुनावी सभाओं और रैलियों में शामिल होंगे।

#### ये नेता इन राज्यों में प्रचार में जुटे

भाजपा नेता अविनाश जोशी आंध्र प्रदेश में रहकर उत्तर भारत के मतदाताओं के साथ लगातार संवाद और समन्वय करते हुए उन्हें भाजपा के पक्ष में मतदान के लिए प्रेरित कर रहे हैं। भाजपा सोशल मीडिया के प्रदेश संयोजक हीरेंद्र कौशिक, सोशल मीडिया कंटेंट तथा सहयोगी दलों के साथ संवाद कर डिजाइनिंग और ब्रांडिंग का काम कर रहे हैं। प्रदेशभर में एनडीए गठबंधन की सोशल मीडिया और आईटी कार्यकर्ताओं की बैठक का जिम्मा भी जोशी और कौशिक को मिला है। वहीं विधायक कुलदीप धनकड़ नरसापुरम लोकसभा क्षेत्र के प्रभारी के तौर पर भाजपा के लगातार बागडोर संभाले हुए हैं। पांचों वरिष्ठ नेता 11 मई तक आंध्र प्रदेश में रहेंगे तथा आंध्र प्रदेश चुनाव प्रभारी राष्ट्रीय महामंत्री अरुण सिंह तथा उत्तर प्रदेश के पूर्व मंत्री सिद्धार्थ सिंह के नेतृत्व में दक्षिण भारत में भारतीय जनता पार्टी की विजय के लिए कार्य कर रहे हैं। उधर क्षेत्र के प्रवासियों ने भी भाजपा प्रदेश अध्यक्ष सीपी जोशी को विजयवाडा आने का आमंत्रण भेजा है। इस पर जोशी 7 मई को प्रवासी राजस्थानियों के साथ संवाद करेंगे।

---

**गहलोत ने साधा पीएम पर निशाना**

## पीएम को कहने की जरूरत क्यों पड़ी कि आरक्षण खत्म नहीं करेंगे!

**बेधड़क** | जयपुर



प्रदेश के पूर्व सीएम अशोक गहलोत ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के बयानों को लेकर उन पर बड़ा हमला बोला है। गुजरात दौरे पर रवाना होने से पहले संविधान व आरक्षण में बदलाव के सवाल पर गहलोत ने कहा कि पीएम मोदी को यह कहने की जरूरत क्यों पड़ी कि हम आरक्षण खत्म नहीं करेंगे। इनकी पहले की हरकतों को देखकर देशवासियों के जेहन में यह बात आ गई।

जिस प्रकार से संविधान संशोधन किए हैं। बिना सदन में बहस के लोकसभा-राज्यसभा में कानून पास किए गए। इनका काम करने का जो रवैया है, उसे देखकर लोग भय खा रहे हैं। लोगों को लगता है कि 400 पार की बात इसलिए कर रहे हैं कि उनको संविधान बदलना है। गहलोत ने कहा कि लोग मोदी के बयानों पर हंस रहे हैं, वे पता नहीं कहां से मंगलसूत्र और भैंस लेकर आ गए। गहलोत ने कहा कि पीएम मोदी के इन दिनों अजीबो-गरीब बयान आ रहे हैं। वे बोल रहे हैं कि दो भैंस होगी तो एक भैंस कांग्रेस ले लेगी, यह क्या बयान है? हमारी कांग्रेस सरकार ने तो दो गाय और दो भैंस का बीमा किया था। वे पता नहीं कहां से मंगलसूत्र लेकर आ गए, कहां से भैंस लेकर आ गए? क्या-क्या स्टेटमेंट दे रहे हैं? वहीं, अमेठी और रायबरेली सीट पर कांग्रेस प्रत्याशी के सवाल पर गहलोत ने कहा कि आलाकमान तय करेगा कि किसे कहां से चुनाव लड़वाना है। राजस्थान में कांग्रेस के प्रदर्शन के सवाल पर गहलोत ने दावा किया कि यहां कांग्रेस डबल डिजिट में सीट जीत रही है।

#### प्रज्वल रेवन्ना को लेकर साधा निशाना

कर्नाटक में सांसद प्रज्वल रेवन्ना पर महिलाओं के शोषण के आरोपों को लेकर गहलोत ने भाजपा की नियत पर सवाल खड़े किए। उन्होंने कहा कि इस पर भाजपा बोलेगी भी क्या? उन्होंने साथ में प्रचार किया था। उनको कार्रवाई करनी चाहिए। राज्य सरकार ने तो एसआईटी बना दी। लोग सोचते होंगे कि देश में क्या हो रहा है? एक सांसद ऐसा भी कर सकता है क्या? यह घटना दुर्भाग्यपूर्ण और निंदनीय है।

---

### डिप्टी सीएम की राज्यपाल से मुलाकात



*जयपुर। राज्यपाल कलराज मिश्र से गुरुवार को राजभवन में उपमुख्यमंत्री डॉ. प्रेमचंद बैरवा ने मुलाकात की। राज्यपाल से उनकी यह शिष्टाचार भेंट थी।*

---

**विधानसभा अध्यक्ष देवनानी ने दिखाई सख्ती**

## ठगी का आरोपी कार्मिक विस से निलंबित

**बेधड़क** | जयपुर





राजस्थान विधानसभा और अन्य भर्ती एजेसिंयों में नौकरी लगाने के नाम से ठगी करने के मामले में विधानसभा अध्यक्ष देवनानी ने सख्ती दिखाई है। देवनानी ने विधानसभा जैसी उच्च गरिमामय संस्था के प्रतिकूल आचरण विहीन कृत्य करने पर प्रारम्भिक जांच में दोषी पाए गए, विधानसभा सचिवालय के चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी नितिन शर्मा को निलंबित कर दिया है।

इस संबंध में विधानसभा सचिवालय के प्रमुख सचिव महावीर प्रसाद शर्मा ने राजस्थान सिविल सेवा (वर्गीकरण, नियत्रंण एवं अपील) नियम 1958 के नियम 13 में प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए कर्मचारी को निलंबित किए जाने का निर्देश दिया। निलंबन काल के दौरान कर्मचारी शर्मा का मुख्यालय राजस्थान विधानसभा सचिवालय, जयपुर रहेगा। चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी पर राजस्थान विधानसभा और अन्य भर्ती एजेसिंयों में नौकरी लगाने के नाम से रेखा शर्मा, अमित कुमार मीणा और कई अन्य व्यक्तियों से लाखों रुपए की राशि हड़पने के मामले में पुलिस थाना सांगानेर और कोटपूतली में जांच चल रही है।

इसी के चलते आरोपी कर्मचारी को निलबिंत किया गया है। 2014 में विधानसभा सचिवालय में नियुक्त हुए कर्मचारी नितिन शर्मा का यह प्रकरण वर्ष 2022 का है। विधानसभा अध्यक्ष देवनानी ने इस मामले को गंभीरता से लिया है। देवनानी की जानकारी में आने के बाद विधानसभा ने इस मामले की प्रारम्भिक जांच कराई। प्रारम्भिक जांच में दोषी पाए जाने पर कर्मचारी को निलंबित किए जाने के निर्देश दिए हैं।

---

**4 के खिलाफ एफआईआर दर्ज**

# अवैध खनन रोकथाम का जांच अभियान शुरू, पहले दिन पकड़े 27 वाहन

**बेधड़क** | जयपुर

माइंस विभाग द्वारा बजरी के अवैध खनन, परिवहन और भण्डारण के खिलाफ बजरी प्रभावित क्षेत्रों में सघन चैकिंग व कार्रवाई अभियान का असर दिखने लगा है।

अभियान के पहले दिन गुरुवार को सघन चैकिंग के दौरान एक स्थान पर बजरी का अवैध खनन पाया गया वहीं बजरी के अवैध परिवहन करते हुए 15 वाहन पकड़े गए हैं। खान निदेशक भगवती प्रसाद कलाल ने बताया कि माइंस विभाग द्वारा जयपुर, कोटा, उदयपुर और जोधपुर अतिरिक्त निदेशक माइंस के कार्य क्षेत्र में बजरी







खनन, परिवहन और भण्डारण वाले क्षेत्रों में सघन जांच और कार्रवाई के लिए 27 दस्ते गठित किए गए हैं। विभाग द्वारा गठित सभी दस्तों द्वारा अपने अपने क्षेत्र में लगातार पेट्रोलिंग की जा रही है वहीं मुख्यालय स्तर पर मोनेटरिंग की जा रही है। निदेशक माइंस कलाल ने बताया कि इस दौरान बजरी के साथ ही मैसेनरी स्टोन के अवैध परिवहन करते हुए 12 वाहन पकड़े गए हैं। साथ ही 6 लाख 77 हजार रुपए की राशि भी वसूली गई है। उन्होंने बताया कि विभाग द्वारा चारों अतिरिक्त निदेशकों को अपने स्तर से भी मॉनिटरिंग करने और वरिष्ठ अधिकारियों को भी औचक जांच के निर्देश दिए गए हैं।

#### इन जगहों पर हुई कार्रवाई

अभियान के पहले दिन बजरी के अवैध परिवहन पर जोधपुर जोन में 8 वाहन जब्त किए गए हैं वहीं मैसेनरी स्टोन के अवैध परिवहन करते 8 वाहन जब्त किए गए है। अतिरिक्त निदेशक जोधपुर श्री योगेन्द्र सिंह सहवाल ने बताया कि उनके कार्यक्षेत्र में 6 दल गठित किए गए हैं। इनमें से बाड़मेर एमई वेदप्रकाश के निर्देशन में सिणधरी तहसील के पाइला और बायतू में बजरी का अवैध परिवहन करते हुए वाहन पकड़े गए हैं। इसी तरह से सोजत एमई विनित गहलोत के निर्देशन में पाली में सदर थाने के पास और जैतारण तहसील के नीमाज में अवैध बजरी परिवहन करते हुए वाहन पर कार्रवाई की गई है।

#### अवैध बजरी खनन पर भी सख्ती

अतिरिक्त निदेशक माइंस उदयपुर दीपक तंवर ने बताया कि उनके कार्यक्षेत्र में गठित छहों दलों द्वारा पेट्रोलिंग की जा रही हैं वहीं एमई चंदन कुमार द्वारा कार्रवाई करते हुए बजरी के अवैध परिवहन करते हुए डंपर जब्त किया गया हैं वहीं एक मैसेनरी स्टोन की ट्रैक्टर ट्रॉली पकड़ी गई। अतिरिक्त निदेशक माइंस कोटा महावीर प्रसाद मीणा ने बताया कि उनके क्षेत्राधिकार में गठित सभी दस टीमों द्वारा क्षेत्र में पेट्रोलिंग का कार्य जारी है। सवाई माधोपुर में बजरी का अवैध खनन करने के प्रकरण पर कार्रवाई की गई हैं वहीं करौली हिण्डोन में 3 और बारां, सवाई माधोपुर, और बूंदी तालेड़ा क्षेत्र में एक-एक वाहन बजरी का अवैध परिवहन करते हुए पकड़े गए हैं।

#### कोटा में चार मामले दर्ज

अतिरिक्त निदेशक माइंस जयपुर बीएस सोढ़ा के क्षेत्राधिकार में गठित 5 दलों के साथ ही एसएमई जयपुर एनएस शक्तावत ने भी टोंक बजरी क्षेत्र का औचक सघन दौरा किया वहीं सभी पांच दलों द्वारा सघन चैकिंग और कार्रवाई अभियान चालू हैं। निदेशक माइंस कलाल ने बताया कि सभी टीमों को सख्त हिदायत दे दी गई है कि कार्य में कोताही बर्दाश्त नहीं की जाएगी वहीं अवैध गतिविधियों में लिप्तों के खिलाफ सख्त से सख्त कार्रवाई के निर्देश दिए गए हैं। पहले दिन एक मई को कोटा क्षेत्राधिकार में 4 एफआईआर भी दर्ज कराई गई है।

## जरूरी खबर

### बिना लाइसेंस आइस क्यूब बना रही 2 फैक्ट्रियां सीज



**जयपुर।** बिना लाइसेंस आइस क्यूब बना रही दो फैक्ट्रियों एक कलवाड़ा रोड पर महापुरा स्थित मैसर्स बालाजी आइस क्यूब फैक्ट्री और दूसरी महिंद्रा सेज रोड महापुरा स्थित मैसर्स जयपुर कोल्ड स्टोरेज प्राइवेट लिमिटेड को सीज करने की कार्रवाई की गई। गर्मियों में आइसक्रीम एवं अन्य पेय में मिलावट रोकने के लिए शुरू किए गए विशेष अभियान के अंतर्गत आयुक्त खाद्य सुरक्षा इकबाल खान के निर्देशन, अतिरिक्त आयुक्त पंकज कुमार ओझा के नेतृत्व तथा मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी जयपुर द्वितीय डॉ. हंसराज भदलिया के निर्देशन में गुरुवार को यह कार्रवाई मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी जयपुर प्रथम एवं द्वितीय के खाद्य सुरक्षा अधिकारियों के संयुक्त जांच दल द्वारा की गई।

### दिनदहाड़े दो सूने फ्लैट में लाखों की चोरी

**जयपुर।** राजधानी में गुरुवार को दिनदहाड़े दो सूने फ्लैट के लॉक तोड़कर बदमाश लाखों रुपए के गहने-कैश चोरी कर ले गए। नकाबपोश तीनों बदमाश चोरी करने के लिए बाइक से आए थे। अपार्टमेंट में रहने वाले रिटायर्ड फौजी के टोकने पर बदमाश हमला कर भाग निकले। श्याम नगर थाना पुलिस फुटेज के आधार पर चोरों की तलाश कर रही है। पुलिस ने बताया वारदात लक्ष्मण कॉलोनी श्याम नगर स्थित अपार्टमेंट में हुई। सुबह करीब 6:45 बजे बाइक पर आए नकाबपोश बदमाशों ने चोरी की वारदात को अंजाम दिया। अपार्टमेंट के फर्स्ट फ्लोर पर रहने वाले पद्माकर शर्मा और शिवानी शर्मा के फ्लैट को बदमाशों ने चोरी के लिए निशाना बनाया। दोनों ही परिवार किसी काम से बाहर गए हुए थे। बदमाश महज 15 मिनट में लाखों रुपए के गहने और कैश चोरी कर ले गए।

सच बेधड़क
दैनिक हिन्दी अख़बार
आपके दिल की बात अब आपके अखबार के माध्यम से...
अख़बार में प्रकाशन के लिए खबर, विज्ञप्ति, कार्यक्रम की सूचना आलेख एवं अपनी मौलिक रचनाएं
news@sachbedhadak.com
पर E- Mail करें ।

**नाहरगढ़ बायोलॉजिकल पार्क में वन्यजीवों को गर्मी से बचाने के लिए विशेष इंतजाम**

# शेर ले रहे कूलर की हवा का मजा, हिरण खा रहे हैं तरबूज!

**बेधड़क** | जयपुर

भालू आइसक्रीम खा रहे हैं तो हिरण तरबूज और ककड़ी के मजे ले रहे हैं। शेर, बाघ और पैंथर समेत अन्य वन्यजीवों के एंक्लोजर्स में ठंडी हवा के लिए कूलर लगाए गए हैं। साथ ही पानी में ग्लूकोज और हेल्थ ड्रिंक मिलाकर पिलाई जा रही है।

यह नजारा है नाहरगढ़ बायोलॉजिकल पार्क का। यहां इन दिनों तेज गर्मी से बचाने के लिए वन्य जीवों के लिए वन विभाग की ओर से विशेष इंतजाम किए गए हैं। डीएफओ जगदीश गुप्ता ने बताया कि नाहरगढ़ बायोलॉजिकल पार्क







और चिड़ियाघर में वन्यजीवों के एंक्लोजर में डक्टिंग, कूलर और फव्वारें लगाए गए हैं। डक्टिंग और कूलर से तापमान कम होगा और वन्यजीवों को ठंडा वातावरण मिलेगा। गुप्ता ने बताया कि ओपन एरिया के लिए सेल्टरों पर डक्टिंग सिस्टम की व्यवस्था की गई है, जिससे सेल्टरों से पानी टपकता रहेगा और मिट्टी में नमी बनी रहेगी। वन्यजीव गर्मी में ठंडे मौसम जैसा माहौल महसूस कर सकेंगे।

### डाइट में किया बड़ा बदलाव

वातावरण में परिवर्तन के साथ ही वन्यजीवों की डाइट में भी बदलाव किया गया है। शाकाहारी वन्यजीवों को ककड़ी, खीरा, तरबूज दिया जा रहा है। भालू को सत्तू दिया जा रहा है, जो कि ठंडक देता है। इसके साथ ही भालू को फ्रूट आइसक्रीम भी दी जा रही है। वन्यजीवों को समय पर डाइट दी जा रही है। लगातार वन्यजीवों की सेहत का ख्याल रखा जा रहा है। जरूरत पड़ने पर आवश्यक दवा भी दी जाती है।

### पानी में घोलकर दी जा रही ग्लूकोज

वन्यजीवों को पानी में घोलकर ग्लूकोज भी पिलाई जा रही है, जिससे शरीर में ठंडक बनी रहे। पार्क में मौजूद वन्यजीव कृत्रिम माहौल में प्रकृति से तालमेल बिठाने की जुगत कर रहे हैं और पार्क का प्रशासन भी उनके लिए मददगार बन रहा है। इस गर्मी इन वन्यजीवों को राहत दिलाने के लिए कुछ अनूठे प्रयोग किए जा रहे हैं, ताकि इनके प्राणों की रक्षा के साथ-साथ गर्मी का समाधान भी तलाशा जा सके।

**श्री राजपूत सभा के कार्यकर्ताओं का प्रदर्शन, सौंपा ज्ञापन**

# भाटी को दो PSO सिक्योरिटी दो ऑफिसर हमेशा रहेंगे साथ

■ जान से मारने की धमकी का मामला

**बेधड़क** | जयपुर

शिव विधायक और जैसलमेर-बाड़मेर लोकसभा सीट से निर्दलीय प्रत्याशी रविंद्र सिंह भाटी को 2 पीएसओ सिक्योरिटी दी जाएगी। इसके व्यवस्था में दो पर्सनल सिक्योरिटी ऑफिसर उनके साथ हमेशा रहेंगे। गौरतलब है कि रविंद्र सिंह भाटी को रोहित गोदारा गैंग की ओर से सोशल मीडिया पर जान से मारने की धमकी देने का मामला सामने आया था। इसके बाद भाटी की सुरक्षा के लिए लगातार कई समाजों द्वारा मांग की जा रही थी। प्रदर्शन किए जा रहे थे और उन्हें जेड प्लस सुरक्षा देने की मांग की जा रही थी।

गुरुवार को भी श्री राजपूत सभा के कार्यकर्ताओं ने जयपुर कलेक्ट्रेट पर प्रदर्शन कर मुख्यमंत्री के नाम अतिरिक्त जिला कलेक्टर प्रथम को ज्ञापन दिया और भाटी को जेड प्लस सुरक्षा देने की मांग की। साथ ही 7 दिन में मांग नहीं माने जाने पर उग्र आंदोलन की चेतावनी दी। जयपुर जिला कलेक्ट्रेट पर श्री राजपूत सभा अध्यक्ष राम सिंह चंदलाई के नेतृत्व में समाज के लोग एकत्र हुए। कार्यकर्ताओं ने कलेक्ट्रेट पर सरकार के खिलाफ जमकर नारेबाजी की और कलक्ट्रेट सर्कल के दो बार चक्कर लगाए। प्रदर्शन के बाद जैसे ही कार्यकर्ता जिला कलेक्ट्रेट के गेट नंबर 1 पर पहुंचे तो पुलिस ने मेन गेट को बंद कर दिया।


इस पर कार्यकर्ता गेट पर चढ़ गए और पुलिस के खिलाफ नारेबाजी की। इसके बाद समाज के लोग मुख्य गेट के बाहर धरने पर बैठ गए और प्रदर्शन किया। पुलिस की समझाइश के बाद श्री राजपूत सभा के अध्यक्ष राम सिंह चंदलाई के साथ कुछ कार्यकर्ता कलेक्ट्रेट के अंदर पहुंचे और उन्होंने मुख्यमंत्री के नाम अतिरिक्त जिला कलेक्टर प्रथम सुरेश कुमार नवल को ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में भाटी को जेड प्लस सुरक्षा देने की मांग की गई।



प्रदर्शन
फोटो: पंकज शर्मा



सौंपा ज्ञापन




... और इधर, जाम

### गोगामेड़ी जैसी घटना नहीं चाहते

बाद में पत्रकारों से बातचीत में सभा के अध्यक्ष राम सिंह चंदलाई ने कहा कि रविंद्र सिंह भाटी जैसे समाज के व्यक्ति के खिलाफ इस तरह से जान से मारने की धमकी देना सभी 36 कौम के लोग बर्दाश्त नहीं करेंगे। प्रजातंत्र को प्रजातांत्रिक तरीके से ही चलना चाहिए। उन्होंने कहा कि यदि रविंद्र सिंह भाटी जैसे लोग संसद में जाएंगे तो वह राजपूत समाज ही नहीं सर्व समाज का प्रतिनिधित्व करेंगे और आम जनता में अच्छा संदेश जाएगा। एक सवाल के जवाब में राम सिंह के कहा कि जिस तरह से सुखदेव सिंह गोगामेड़ी के साथ हुआ, हम वैसा किसी के भी साथ दोबारा नहीं होने देंगे।

### धमकी देने वाले आरोपी को दबोचा

उधर, रविंद्र सिंह भाटी को सोशल मीडिया पर जान से मारने की धमकी देने वाले आरोपी को बाड़मेर पुलिस ने धर दबोचा है। आरोपी ने फेसबुक पर रोहित गोदारा कपूरीसर के नाम की आईडी से धमकी दी थी। जिला पुलिस अधीक्षक नरेन्द्र सिंह मीना ने बताया कि पोस्ट वायरल करने वाले युवक की जानकारी जुटाई तो पता चला कि मगाराम निवासी सारणों का तला, आडेल पुलिस थाना रागेश्वरी ने फर्जी फेसबुक आईडी बनाकर पोस्ट की थी।

### उच्च स्तरीय बैठक में सुरक्षा देने पर फैसला

इस मामले में राजस्थान पुलिस ने पीएचक्यू में एक उच्च स्थरीय बैठक बुलाई गई। इस बैठक में ही रविंद्र सिंह भाटी को सुरक्षा देने का फैसला लिया गया। बताया जा रहा है कि रविंद्र सिंह भाटी को 2 पीएसओ की सिक्योरिटी दी गई है। इसके साथ ही कहा गया है कि आगे जाकर सुरक्षा को बढ़ाया जाएगा। बता दें कि पएसओ सिक्योरिटी का मतलब होता है 'पर्सनल सिक्योरिटी ऑफिसर' यानी रविंद्र सिंह भाटी को जेड प्लस सुरक्षा नहीं दी गई है। इसकी जगह पर अब दो पर्सनल सिक्योरिटी ऑफिसर उनके साथ हमेशा रहेंगे।

## बेधड़क मुलाकात



**जयपुर।** निर्वाण यूनिवर्सिटी के सीईओ एवं वाइस चेयरमैन डॉ. आरके अरोड़ा ने गुरुवार शाम 'सच बेधड़क' मीडिया समूह के कार्यालय की विजिट की। इस दौरान उन्होंने 'सच बेधड़क' मीडिया समूह के फाउंडर एंड चेयरमैन विनायक शर्मा से मुलाकात की। दोनों ने देश-विदेश-प्रदेश के हालात, शिक्षा एवं धर्म-संस्कृति पर विस्तार से चर्चा की। डॉ. अरोड़ा ने 'सच बेधड़क' न्यूज चैनल के स्टूडियो के साथ ही प्रिंट एवं डिजिटल सेक्शन का अवलोकन कर कार्यप्रणाली को भी समझा और तीनों सेक्शन के काम की सराहना की।

**ज्ञान कल्याणक महोत्सव में मुनि सुब्रतनाथ का अभिषेक**

# सुख-समृद्धि के लिए श्रीजी की शांतिधारा



**बेधड़क** | जयपुर

जैन धर्म के बीसवें तीर्थंकर भगवान मुनि सुब्रतनाथ का ज्ञान कल्याणक गुरुवार को भक्तिभाव से मनाया गया। वहीं, भगवान का जन्म एवं तप कल्याणक महोत्सव शुक्रवार को भक्ति भाव से मनाया जाएगा।

राजस्थान जैन युवा महासभा जयपुर के प्रदेश महामंत्री विनोद जैन कोटखावदा ने बताया कि गुरुवार को आयोजित ज्ञान कल्याणक महोत्सव में प्रातः भगवान मुनि सुब्रतनाथ के अभिषेक के बाद विश्व में सुख समृद्धि और खुशहाली की कामना करते हुए श्रीजी की शांतिधारा की गई। उसके बाद भगवान मुनि सुब्रतनाथ की अष्ट द्रव्य से पूजा अर्चना की गई। पूजा के दौरान ज्ञान कल्याणक श्लोक का सामूहिक उच्चारण करते हुए जयकारों के साथ ज्ञान कल्याणक अर्घ्य चढ़ाया। महाआरती से समापन हुआ। विनोद जैन कोटखावदा ने बताया कि शुक्रवार को शहर के 225 से अधिक जैन मंदिरों में भगवान मुनिसुव्रतनाथ के ज्ञान, जन्म और तप कल्याणक महोत्सव मनाए जाएंगे। सुबह अभिषेक, शांतिधारा के बाद पूजा अर्चना की जाएगी। पूजा के दौरान जन्म व तप कल्याणक श्लोक का उच्चारण करते हुए अर्घ्य चढ़ाए जाएंगे। आगरा रोड पर श्री पार्श्वनाथ दिगंबर जैन अतिशय क्षेत्र चूलगिरी, मोती सिंह भोमियों का रास्ता स्थित श्री दिगंबर जैन मंदिर चौबीस महाराज, कल्याण नगर के श्री मुनिसुव्रतनाथ दिगंबर जैन मंदिर, वाटिका के मुनिसुव्रतनाथ नवग्रह दिगंबर जैन मंदिर, महल योजना के श्री मुनिसुव्रत नाथ दिगंबर जैन मंदिर और सांगानेर के संघीजी दिगंबर जैन मंदिर सहित शहर के अन्य मंदिरों में पूजा अर्चना के विशेष आयोजन होंगे।

**कल श्रमदान में जुटेंगे शहरवासी**

# हेरिटेज निगम आमेर मावठे की कराएगा सफाई, आमजन भी बटाएंगे हाथ

**बेधड़क** | जयपुर

हेरिटेज निगम के 'जागो जयपुर, जगमग जयपुर' अभियान के तहत हेरिटेज निगम शनिवार को आमेर के मावठे सरोवर में विशेष सफाई अभियान चलाएगा। हेरिटेज निगम आयुक्त अभिषेक सुराणा की अपील पर इस अभियान में बड़ी तादात में शहरवासी भी जुटेंगे और श्रमदान कर मावठे की सफाई करेंगे। इस संबंध में आयुक्त सुराणा ने बताया कि हमारे प्राकृतिक जल स्त्रोत साफ और संरक्षित रहे, इसी उद्देश्य को ध्यान रखते हुए हेरिटेज निगम शनिवार चार मई को सुबह सात बजे से आमेर के मावठे में विशेष सफाई अभियान चलाएगा। इस अभियान में शहरवासी प्लॉगिंग एक्टिविटी यानि मॉर्निंग वॉक करते हुए श्रमदान कर आमजन को स्वच्छता का संदेश देंगे। दो घंटे तक चलने वाले इस अभियान को सफल बनाने के लिए कई सामाजिक संस्था और संगठन भी हेरिटेज निगम के साथ मिलकर श्रमदान में भाग लेंगे, साथ ही कई स्कूल और कॉलेज के छात्र-छात्राएं भी श्रमदान करेंगी।




### अतिक्रमण हटाया, तीन ट्रक सामान जब्त

इधर, शहर की सड़कों पर हो रहे अतिक्रमण के खिलाफ गुरुवार को निगम हेरिटेज की सतर्कता शाखा ने कारवाई की। हेरिटेज निगम आयुक्त अभिषेक सुराणा के निर्देश पर सतर्कता शाखा के उपायुक्त पुष्पेंद्र सिंह राठौड़ ने चारदीवारी के बाजारों सहित अन्य इलाकों में भी सघन अभियान चलाया। इस दौरान निगम के दस्ते ने कार्रवाई करते हुए रामगढ़ मोड़, माउंट रोड, सांगानेरी गेट, बड़ी चौपड, त्रिपोलिया गेट, न्यू गेट, अजमेरी गेट, छोटी चौपड़, चांदी की टकसाल, सुभाष चौक पर सड़क और बरामदों में हो रहे अस्थाई अतिकमण हटवाए। इस संबंध में सतर्कता उपायुक्त पुष्पेंद्र सिंह ने बताया कि शहर के बाजारों से अतिक्रमण के खिलाफ लगातार शिकायतें आ रही थीं। ऐसे में आयुक्त अभिषेक सुराणा के निर्देश के बाद बाजार में सड़क, फुटपाथ, सार्वजनिक स्थल और बरामदों से अस्थाई अतिक्रमण को हटाया और तीन ट्रक सामान जब्त कर जनता मार्केट गोदाम में पहुंचाया।

### स्वास्थ्य दस्ते ने 20400 रुपए कैरिंग चार्ज वसूला

नगर निगम जयपुर हेरिटेज आयुक्त अभिषेक सुराणा के निर्देश पर और उपायुक्त स्वास्थ्य सोहन सिंह नरूका के नेतृत्व में स्वास्थ्य शाखा की सीएसआई, एसआई एवं चालान प्रकोष्ठ ने गुरुवार को गंदगी फैलाने वालों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई करते हुए 20400 रुपए कैरिंग चार्ज वसूल किया। आयुक्त अभिषेक सुराणा ने बताया कि निगम के स्वच्छता प्रहरी लगातार क्षेत्र में जाकर लोगों से गंदगी नहीं फैलाने पर समझाइश की जा रही है। फिर भी लोग गंदगी फैला रहे हैं, ऐसे लोगों पर कार्रवाई की जा रही है। उन्होंने कहा कि सड़क पर कचरा नहीं फेंके।

## जरूरी खबर

### सुरक्षाकर्मी को खुद की बंदूक से लगी गोली, कोटा रेफर



**बारां।** जिले के नागरिक बैंक के सुरक्षाकर्मी को खुद की बंदूक से गोली लग गई। कोतवाली थाना अधिकारी रामविलास मीणा ने बताया कि अस्पताल रोड स्थित नागरिक बैंक के सुरक्षाकर्मी भंवर सिंह राजपूत अन्य बैंक कर्मी के साथ बैंक के 34 लाख रुपए लेकर मुख्य शाखा में जमा करने जा रहे थे। इस दौरान 12 बोर की बंदूक उनके कंधे पर थी। वह उसे कुछ व्यवस्थित कर रहे थे, तभी अचानक से ट्रिगर दब गया। गोली उनके जबड़े से होती हुई ऊपर निकल गई।

### अवैध खनन रोकने गए वनकर्मियों पर बोला हमला

**कुचामनसिटी।** अवैध खनन के खिलाफ अभियान के तहत गश्त पर निकले कुचामन वन विभाग की टीम पर खनन माफिया की ओर से हमला करने का मामला सामने आया है। पत्थरों से भरे ट्रैक्टर ले जा रहे युवक ने वन विभाग की गाड़ी को टक्कर मार दी। जानकारी के मुताबिक वन टीम पांचवा क्षेत्र में गश्त पर थी। टीम जैसे ही मौके पर पहुंची, तो पत्थरों से भरा ट्रैक्टर ले जा रहे मदन नाम के युवक ने वन विभाग की गाड़ी को टक्कर मारी और हमला कर उन्हें नुकसान पहुंचाने की कोशिश की। वन विभाग की टीम ने पीछा करके आरोपी युवक को पकड़ने की कोशिश की, लेकिन वह भागने में सफल रहा।

### कांकरेलिया को विवेकानंद पुरस्कार से किया सम्मानित



**भानपुर कलां।** कस्बा निवासी पत्रकार बाबूलाल कांकरेलिया को उनके द्वारा पत्रकारिता क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य करने पर शक्ति फिल्म प्रोडक्शन ने स्वामी विवेकानंद राष्ट्रीय पुरस्कार से सम्मानित किया है। शक्ति फिल्म प्रोडक्शन के फाउंडर अंबालिका शास्त्री ने बताया कि वर्चुअल रूप से आयोजित सम्मान समारोह के लिए देशभर से सैकड़ों की तादाद में प्रविष्ठियां प्राप्त हुई। इनमें से बेहतरीन कार्य के आधार पर 101 प्रतिभाओं को सम्मानित किया गया। पुरस्कार के बाद कांकरेलिया ने शक्ति फिल्म प्रोडक्शन का आभार प्रकट किया। इधर कांकरेलिया को शुभचिंतकों व रिश्तेदारों द्वारा व्यक्तिगत व सोशल मीडिया पर बधाई दी जा रही है।

---

**जिले के 12 खरीद केंद्रों पर करीब 2500 किसानों ने कराया ऑनलाइन पंजीकरण**

# घोषणा के बावजूद समर्थन मूल्य पर सरसों की खरीद शुरू नहीं

**बेधड़क** | जोधपुर



सरकार की घोषणा के बावजूद जिले में समर्थन मूल्य पर सरसों की खरीद अभी तक शुरू नहीं हो सकी है। इसके चलते किसान काफी परेशान हैं। भारतीय किसान संघ ने 6 मई तक खरीद शुरू नहीं होने पर आंदोलन की चेतावनी दी है। संघ के प्रदेश मंत्री तुलसाराम सीवर ने बताया कि जिले में 12 खरीद केंद्रों करीब 2500 किसानों ने समर्थन मूल्य पर सरसों बेचने के लिए ऑनलाइन पंजीकरण करवा रखा है। वहीं 992 किसानों को सहकारी समितियां ने खरीद की तारीख आवंटित कर मोबाइल पर संदेश भी भेज दिया। इसके बावजूद प्रशासनिक अनदेखी के चलते सरसों की खरीद शुरू नहीं हुई है। सरकार की ओर से सरसों की खरीद 1 अप्रैल से शुरू होनी थी, जिसकी अधिसूचना प्रकाशित हो चुकी है। भारतीय किसान संघ के प्रदेश मंत्री का कहना है कि इस अनदेखी के चलते किसानों को सरसों बाजार में कम भाव पर बेचनी पड़ रही है। इसके चलते उनको नुकसान उठाना पड़ रहा हैं।

### 29,575 टन होनी है खरीद

जानकारी के अनुसार जिले में 12 केंद्रों पर 29 हजार 575 टन सरसों की खरीद होनी है। वर्तमान में सरसों का समर्थन मूल्य 5,650 रुपए प्रति क्विंटल है, लेकिन खरीद नहीं होने से किसान को मंडी में 4800 रुपए में ही सरसों बेचनी पड़ रही है। उधर जिन 992 किसानों को समय और तिथि आवंटित की गई थी वो पंजीयन अब ब्लॉक हो गए हैं, उन्हें दोबारा पंजीयन कराना होगा। ऐसे में किसानों को फिर से पंजीकरण की मशक्कत करनी होगी। वहीं समर्थन मूल्य पर खरीद शुरू नहीं होने से किसानों में निराशा भी दिख रही है। उन्हें सरसों को बाजार में कम दाम पर बेचने पर मजबूर होना पड़ रहा है।

### लेट लतीफी से अटकी खरीद

दरअसल, यह खरीद ग्रामीण क्षेत्र में क्रय विक्रय सहकारी समितियां के मार्फत होनी है। फरवरी में इसके आदेश जारी हुए थे, जिसके बाद समितियों को सरसों खरीद के लिए मजदूर और परिवहन व्यवस्था की टेंडर प्रक्रिया करनी थी। यह पूरी नहीं हुई। इसके बाद रसद वितरण प्रणाली के तहत इसी काम की जो दरें तय की गई है, उन पर कार्य आदेश होना था, वह भी प्रशासनिक लेट लतीफी के चलते नहीं हुआ।

### इन केंद्रों पर होनी है खरीद

जिले के मथानिया, बालेसर, बावड़ी, डांगियावास, ओसियां, बिलाड़ा, बोरुंदा, भोपालगढ़, पीपाड़, चांदेलाव, जैतिवास और रणसी गांव में सरकारी समर्थन मूल्य पर सरसों के खरीद शुरू होनी थी, जो अभी तक नही हुई।

---

**मतदान बूथ के पंजीकृत 753 मतदाताओं में से 517 ने डाला वोट**

# नांदसी के बूथ पर रि-पोलिंग में हुई 68.66 प्रतिशत वोटिंग

**बेधड़क** | अजमेर

राजस्थान के अजमेर लोकसभा सीट के एक पोलिंग बूथ पर गुरुवार को रि-पोलिंग हुई। इसमें सुबह 7 से शाम 5 बजे तक 68.66 प्रतिशत मतदान हुआ। मतदान पूरी तरह से शांतिपूर्ण रहा। रि-पोलिंग के बाद अब दस्तावेजों की स्क्रूटनी कराई जाएगी। गौरतलब है कि अजमेर लोकसभा क्षेत्र के नांदसी स्थित बूथ संख्या 195 पर चुनाव आयोग के निर्देश पर गुरुवार को सुबह 7 बजे से पुनर्मतदान कराया गया था।

शाम को 5 बजे तक हुए मतदान के बाद अधिकारियों ने बताया कि लोकसभा आम चुनाव (पुनर्मतदान) 2024 के अंतर्गत अजमेर लोकसभा क्षेत्र के नांदसी मतदान केन्द्र क्रमांक 195 पर 68.66 प्रतिशत मतदान हुआ। मुख्य निर्वाचन अधिकारी प्रवीण गुप्ता ने बताया कि लोकसभा आम चुनाव (पुनर्मतदान) 2024 के अंतर्गत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार गुरुवार को राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय नांदसी के मतदान केन्द्र क्रमांक-195 विधानसभा क्षेत्र मसूदा में पुनर्मतदान हुआ। इसमें ग्रामीणों ने बढ़ चढ़कर भाग लिया। मतदान बूथ के पंजीकृत 753 मतदाताओं में से 517 मतदाताओं ने अपने मताधिकार का प्रयोग किया। गुप्ता ने बताया कि पुनर्मतदान वाले बूथ का निर्वाचन आयोग के द्वारा नियुक्त पर्यवेक्षकों द्वारा अवलोकन किया गया। सामान्य चुनाव पर्यवेक्षक के. मंजूलक्ष्मी तथा पुलिस चुनाव पर्यवेक्षक डी. नरसिम्हा किशोर, जिला कलेक्टर डॉ. भारती दीक्षित एसपी देवेंद्र कुमार विश्नोई द्वारा मतदान प्रक्रिया का अवलोकन किया गया।



### पोलिंग बूथ पर पहुंची जिला निर्वाचन अधिकारी और एसपी

इस मतदान केंद्र पर 26 अप्रैल को मतदान के दौरान पुलिसकर्मी और भाजपा कार्यकर्ताओं में हुई झड़प हुई थी। इसको देखते हुए गुरुवार को हुए मतदान के दौरान जिला निर्वाचन अधिकारी डॉ. भारती दीक्षित और एसपी देवेंद्र विश्नोई कानून व्यवस्था का जायजा लेने मतदान केंद्र पर पहुंचे। इस दौरान उन्होंने मतदान केंद्र का निरीक्षण किया और सभी मतदान कराने वाले अधिकारियों से मतदान की जानकारी ली।

### ईवीएम और दस्तावेज सील कर पहुंचाए स्ट्रॉन्ग रूम

नांदसी स्थित बूथ संख्या 195 पर 26 अप्रैल को मतदान दल द्वारा हुई बड़ी लापरवाही के चलते इस बार प्रशासन ने अतिरिक्त स्टाफ को लगाकर इस मतदान केंद्र में नियम अनुसार मतदान कराया। 26 अप्रैल को यहां पर 395 मतदाताओं ने अपने मत का प्रयोग किया था। वहीं गुरुवार को हुए पुनर्मतदान में 517 मतदाताओं ने अपने मत का प्रयोग किया। वोटिंग के बाद मतदान दल के अधिकारियों ने ईवीएम मशीन और जरूरी दस्तावेज को सील कर अजमेर के पॉलिटेक्निक कॉलेज स्थित बनाए गए स्ट्रॉन्ग रूम में लेकर पहुंचे, जहां सभी मशीन और दस्तावेज चेक कर स्ट्रांग रूम में सुरक्षित रखवाए गए।

---

**बड़ी मात्रा में हथियार बरामद**

# बड़ी वारदात से पहले दबोचे 4 बदमाश, सुपारी देकर बुलाया था



**बेधड़क** | झुंझुनूं

पिलानी पुलिस और जिला स्पेशल टीम ने अवैध हथियारों की खिलाफ दो बड़ी कार्रवाई करते हुए चार बदमाशों को गिरफ्तार किया। एसपी राजर्षि राज वर्मा के निर्देशन में पुलिस टीमों ने पिलानी की बेरी रोड पर कार्रवाई को अंजाम देते हुए बदमाश हर्ष उर्फ सिमी, चंदन, सतीश और राहुल को गिरफ्तार किया है।

बदमाशों से 2 पिस्टल, 2 मैगजीन, 1 देशी कट्टा, 14 जिंदा कारतूस बरामद किए गए। चारों बदमाशों से पूछताछ में खुलासा हुआ कि छापड़ा गांव में सतीश सिंह पारिवारिक रंजिश के तहत अपने परिवार के सदस्यों पर फायरिंग करवाना चाहता था। इसी के लिए इन बदमाशों को पिलानी बुलाया गया था और हथियार उपलब्ध करवाए थे। पूछताछ के बाद जब आरोपी सतीश को पकड़ा गया, तो उससे भी 1 पिस्टल मय मैगजीन, 13 जिंदा कारतूस पुलिस ने बरामद किए। दरअसल छापड़ा गांव में सतीश सिंह व शराब ठेकेदार बिरजू सिंह के परिवार के बीच जमीन का विवाद चल रहा है। इसी रंजिश के चलते सतीश सिंह ने शराब ठेकेदार बिरजू सिंह, उसके भाई बहादुर सिंह व किशन सिंह की हत्या कराने के लिए बदमाशों को सुपारी देकर बुलाया गया था। ये बदमाश पांच दिन से पिलानी के राजपुरा मोहल्ले में एक मकान में रह रहे थे। ये लोग वारदात को अंजाम देते, इससे पहले ही पुलिस को इसकी भनक लग गई। जमीन विवाद को लेकर छपड़ा निवासी बदमाश सतीश अपने परिवार के पिंटू व उमेश सिंह शराब ठेका संचालित करते हैं। उनसे लंबे समय से रंजिश चल रही है। चार-पांच महीने पहले भी बदमाशों ने वीडियो कॉल करके हथियार दिखाकर गोली मारने की धमकी दी थी।

---

**पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर थाने में मामला दर्ज**

# घर में घुसकर पति-पत्नी पर फेंका तेजाब, आग लगाने का भी प्रयास

**बेधड़क** | सवाईमाधोपुर

मानटाउन थाना क्षेत्र के खेरदा इलाके में घर में घुसकर दंपती पर तेजाब फेंकने और घर में आग लगाने के प्रयास का मामला सामने आया है।

पीड़ित सुरेश चंद सोनी निवासी मोती नगर खेरदा ने गुरुवार को मानटाउन थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई है। रिपोर्ट में सुरेश चंद सोनी ने बताया कि 25 अप्रैल की रात को रात करीब 10 बजे आरोपी गुड्डी पत्नी कैलाश सोनी, प्रिया पुत्री कैलाश सोनी, रूपसिंह पुत्र धूलसिंह, हरीश सोनी व अन्य अज्ञात 2-3 व्यक्ति गाली-गलौच करते हुए मकान पर पत्थर फेंकने लगे। रसोई की खिड़की तोड़कर गैस सिलेंडर को चालू कर आग लगाने का प्रयास किया। वह एवं उसकी पत्नी रोकने आए तो आरोपी प्रिया व गुड्डी ने उन पर तेजाब डाला दिया। इससे चलते उसकी दांई आंख व पूरे चेहरे पर और पत्नी पिंकी के गर्दन से कमर तक व दांया हाथ झूलस गया।

### एसपी के समक्ष लगाई न्याय की गुहार

घटना को लेकर पीड़ित गुरुवार को मानटाउन थाने में रिपोर्ट दर्ज कराने पहुंचे, लेकिन रिपोर्ट दर्ज नहीं हुई। इसके बाद पीड़ित सुरेश चंद ने पुलिस अधीक्षक ममता गुप्ता के सामने पेश होकर न्याय की गुहार लगाई। इस पर पुलिस अधीक्षक ने मानटाउन थानाधिकारी को मामला दर्ज करने के निर्देश दिए।

---

**प्लाई की आड़ में ट्रक से ले जाई जा रही थी नशे की खेप**

# 29 लाख का डोडा-चूरा जब्त, चालक गिरफ्तार

**बेधड़क** | चित्तौड़गढ़

सदर चित्तौड़गढ़ पुलिस ने गुरुवार को हाइवे पर नाकाबंदी के दौरान एक ट्रक में भरी प्लाई की आड़ में छिपाकर ले जाया जा रहा 2 क्विंटल 90 किलोग्राम अवैध डोडाचूरा जब्त कर एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। जब्त डोडाचूरा की ब्लैक मार्केट में कीमत करीब 29 लाख रुपए बताई गई।

पुलिस अधीक्षक सुधीर जोशी ने बताया कि जिले में अवैध मादक पदार्थ की धरपकड़ के लिए ऑपरेशन नार्कोस अभियान चलाया जा रहा है। इसी क्रम में एएसपी परबत सिंह के निर्देशन व वृत्ताधिकारी चित्तौड़गढ़ तेजकुमार पाठक के सुपरविजन में थाना सदर चित्तौडगढ़ से अवैध मादक पदार्थ की धरपकड़ के लिए थानाधिकारी थाना सदर चित्तौड़गढ़ गजेन्द्र सिंह के नेतृत्व में टीम ने हाइवे रोड पर नाकाबंदी की। इसी दौरान उदयपुर की तरफ से एक ट्रक आया। जिसके चालक को ट्रक रोकने का इशारा किया, लेकिन ट्रक चालक नाकाबंदी तोड़कर भागने लगा। जिस पर पुलिस जाब्ता ने बैरीकेट्स लगाकर ट्रक को रोक कर चालक की गतिविधि संदिग्ध होने से ट्रक की तलाशी ली।



ट्रक में लकड़ी की प्लाई की आड़ में प्लास्टिक के 12 कट्टों में कुल 290 किलो ग्राम अवैध अफीम डोडाचूरा भरा मिला। ट्रक सहित डोडाचूरा जब्त कर ट्रक चालक आरोपी हरियाणा निवासी 46 वर्षीय राजकुमार उर्फ राजु पुत्र रामेश्वर दास विश्नोई को गिरफ्तार किया गया। आरोपी के कब्जे से जब्तशुदा डोडाचूरा के संबंध में पूछताछ जारी है।

---

**नारायण गुर्जर हत्याकांड के आरोपियों की गिरफ्तारी की मांग**

# गुर्जर समाज का कलक्ट्रेट पर प्रदर्शन, BJP नेता ने दी आंदोलन की चेतावनी

**बेधड़क** | भीलवाड़ा

जिले के माण्डल थाना क्षेत्र के कोलीखेड़ा गांव में पिछले दिनों हुए नारायण गुर्जर हत्याकांड में मुख्य आरोपियों की गिरफ्तारी नहीं होने से गुर्जर समाज में आक्रोश दिख रहा है। आरोपियों के गिरफ्तारी की मांग को लेकर गुर्जर समाज ने गुरुवार को कलेक्ट्रेट पर प्रदर्शन किया। इस दौरान प्रदर्शन कर रहे जनप्रतिनिधियों व पुलिस के बीच हल्की धक्का-मुक्की भी हुई। इस मामले में भाजपा नेता और पूर्व मंत्री कालू लाल गुर्जर ने कहा कि अगर जरूरत पड़ी तो हम सीएम को भी इस मामले से अवगत करवाएंगे। गौरतलब है कि जिले के माण्डल थाना क्षेत्र के कोलीखेड़ा गांव में पिछले दिनों नारायण गुर्जर की हत्या हो गई थी। पुलिस ने दो आरोपियों को गिरफ्तार भी किया, लेकिन मुख्य आरोपी हत्याकांड के दस दिन बाद भी पुलिस की गिरफ्त से बाहर हैं। इस पर गुर्जर समाज ने भीलवाड़ा कलेक्ट्रेट पर प्रदर्शन किया। उन्होंने मुख्य आरोपियों को गिरफ्तार करने की पूरजोर मांग उठाई।



### जिला पुलिस अधीक्षक को सौंपा ज्ञापन

इस मामले में मृतक के भाई ने मदन सिंह राजपूत व राकेश सुथार के खिलाफ नारायण की हत्या का आरोप लगाया था। पुलिस ने अभी तक दोनों को गिरफ्तार नहीं किया। इसके चलते समाज के सैंकड़ों लोग पूर्व मंत्री कालू लाल गुर्जर, रामप्रसाद धाबाई, धनराज गुर्जर व श्यामलाल गुर्जर के नेतृत्व में कलेक्ट्रेट पहुंचे और जिला पुलिस अधीक्षक राजन दुष्यंत को ज्ञापन सौंपा।

### पुलिस पर गलत तथ्य पेश करने का आरोप

ज्ञापन सौपने आए पूर्व मंत्री एवं राजस्थान गुर्जर महासभा के प्रदेश अध्यक्ष कालू लाल गुर्जर ने पत्रकारों से बातचीत में कहा कि नारायण ने मरने से पहले घायल अवस्था में पुलिस को बयान दिए। तब उसने मारपीट करने वालों के नाम बताए थे, लेकिन पुलिस मुख्य आरोपियों को अभी तक गिरफ्तार नहीं कर पाई। पुलिस ने दूसरे दो युवाओं को पकड़ा है, जो गुर्जर समाज से ही है। गुर्जर ने पुलिस पर आरोप लगाया कि पुलिस यह संदेश देना चाहती है कि यह तो गुर्जर ही आपस में लड़ रहे हैं, लेकिन ऐसा मामला नहीं है। उन्होंने कहा कि यदि अधिकारियों ने इस मामले में कोई कार्रवाई नहीं की तो मामले को मुख्यमंत्री के पास भी ले जाएंगे। उन्होंने बताया कि हमने पुलिस अधीक्षक को 8 मई तक का समय दिया है, तब तक गिरफ्तारी नहीं होती है तो आगे गुर्जर समाज उग्र आंदोलन करेगा।

### ये हैं समाज की प्रमुख मांगे


प्रदर्शन कर रहे गुर्जर समाज प्रतिनिधियों ने अपनी मांगों के बारे में बताया। उन्होंने कहा कि नारायण लाल गुर्जर की हत्या के मुख्य आरोपियों को अविलंब गिरफ्तार किया जाए। एसआईटी बनाकर अविलंब जांच कराई जाए और मामले को फास्ट ट्रैक न्यायालय में चलाया जाए, ये हमारी प्रमुख मांगे हैं।

राष्ट्रीय आयुर्वेद संस्थान में पल्स परीक्षण के प्रशिक्षण पर दो दिवसीय कार्यशाला का आयोजन

# रोग निदान और जांच के लिए आयुर्वेद में नाड़ी का बड़ा महत्व : प्रो संजीव

**बेधड़क** | जयपुर

जोरावर सिंह गेट स्थित राष्ट्रीय आयुर्वेद संस्थान जयपुर में राष्ट्रीय आयुर्वेद संस्थान मानद विश्वविद्यालय में रोग निदान एवं विकृति विज्ञान विभाग की ओर दो दिवसीय नाड़ी विज्ञान पर कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्घाटन कुलपति प्रो. संजीव शर्मा, देश के प्रख्यात नाड़ी वैद्य प्रो. गोविंद प्रसाद उपाध्याय एवं आचार्य संजय छाजेड़ ने किया। इस अवसर पर कुलपति प्रो. संजीव शर्मा ने कहा कि आयुर्वेद की प्राचीन विधाओं को आगे ले जाना हम सभी का कर्तव्य है। रोग निदान ओर जांच के लिए आयुर्वेद में नाड़ी का बड़ा महत्व है। इन्वेस्टिगेशन ओरिएंटेड साइंस के साथ हमें हमारी क्लीनिकल साइंस को भी बढ़ाना होगा। आयुर्वेद के माध्यम से रोग निदान ओर आमजन के बेहतर स्वास्थ्य के लिए आयुर्वेद पर हमेशा चर्चा होनी चाहिए, जिससे इस क्षेत्र में प्रभावी एवं सकारात्मक परिणाम आए। आयुर्वेद पद्धति के माध्यम से चिकित्सा एवं शिक्षा के लिये प्राचीन पद्धति के साथ नई तकनीक और नवाचारों का भी समय-समय पर समावेश किया जाना चाहिये। आज राष्ट्रीय आयुर्वेद संस्थान में नई तकनीक के माध्यम से विद्यार्थियों को प्रशिक्षण दिया जा रहा है। भविष्य में विद्यार्थियों को नाड़ी परीक्षण को प्राचीन पद्धति के साथ नई तकनीक के माध्यम से सिखाने के लिये सिम्युलेशन तकनीक पर कार्य करने का प्रयास किया जाएगा।




### परीक्षण के लिए अभ्यास जरूरी

आचार्य संजय छाजेड़ ने कहा कि प्राचीन समय में रोग की पहचान के लिए किसी भी प्रकार की परीक्षा पद्धति नहीं थी, रोग की पहचान और निदान रोगी की नाड़ी के परीक्षण को करके किया जाता था। नाड़ी परीक्षण लगातार अभ्यास करने से आता है। दो दिवसीय कार्यशाला में मुख्य वक्ता देश के प्रख्यात नाड़ी वैद्य प्रो. गोविंद प्रसाद उपाध्याय एवं आचार्य संजय छाजेड़ भावी आयुर्वेद चिकित्सकों को नाड़ी परीक्षण जैसे कठिन विषय को सरल रूप से साझा करेंगे एवं नाड़ी विज्ञान के ज्ञान के साथ आगामी भविष्य के लिए उत्तम वैद्य बनने के लिए प्रेरित किया जाएगा। कार्यक्रम में प्रति कुलपति प्रो. रामकिशोर जोशी, कुल सचिव प्रो. अनीता शर्मा, आयोजन सचिव डॉ. सुरेंद्र कुमार शर्मा एवं समस्त विभागाध्यक्ष, चिकित्सक, शिक्षक एवं विद्यार्थी उपस्थित रहे।

### नाड़ी की परीक्षण से होता शरीर का ज्ञान

नाड़ी वैद्य प्रो. गोविंद प्रसाद उपाध्याय ने आयुर्वेद चिकित्सा में अध्ययनरत विद्यार्थियों के लिए नाड़ी प्रशिक्षण पर दो दिवसीय कार्यशाला के आयोजन पर राष्ट्रीय आयुर्वेद संस्थान की सराहना करते हुए कहा कि किस तरह नाड़ी देखी जानी चाहिए, किस तरह से दोषों का पता चलता है, किस तरह से रोगों की अवस्था का ज्ञान होता है और हमें आयुर्वेद चिकित्सा करते समय किन-किन बातों का ध्यान रखना चाहिए यह सब नाड़ी की परीक्षण के माध्यम से जानने का प्रयास करते हैं।

## Yuva स्टोरीज



जेंडर सेंसटाइजेशन पर जागृति कार्यक्रम

### महिला किसी क्षेत्र में पीछे नहीं, फिर भी संघर्ष

**बेधड़क** | जयपुर

एसएस जैन सुबोध पीजी महिला महाविद्यालय में रुवा, जयपुर के संयुक्त तत्वावधान में जेंडर सेंसटाइजेशन विषय पर जन जागृति कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर डॉ. शशी लता पूरी, रूवा अध्यक्ष प्रोफेसर बीना अग्रवाल रूवा उपाध्यक्ष, डॉ प्रिया संयुक्त सचिव एवं डॉ. चीना पूरी, प्रोफेसर अंग्रेजी, उच्च शिक्षा विभाग प्रमुख वक्ता के रूप में उपस्थिति रही।

इस दौरान अतिथि वक्ताओं ने छात्राओं को संदेश दिया कि नारी शक्ति संपूर्ण सृष्टि में अपना महत्वपूर्ण स्थान रखती है एवं उसे स्वयं को सशक्त व आत्मनिर्भर बनकर अपनी पहचान बनानी होगी। महाविद्यालय की प्राचार्या डॉ. रेनू जोशी ने छात्राओं को प्रेरणादायी संदेश दिया कि महिला किसी भी क्षेत्र में पीछे नहीं है किंतु फिर भी उसे अपनी पहचान बनाने के लिए सतत प्रयासरत रहना चाहिए।

छात्राओं ने इस जन जागृति कार्यक्रम में पूर्ण उत्साह के साथ भाग लिया एवं अपनी जिज्ञासा को शांत करने के लिए अपने प्रश्न रखें एवं उसके सार्थक उत्तर प्राप्त किए। कार्यक्रम की समन्वयक डॉ. विजयलक्ष्मी मिश्रा, शालिनी खंगारोत व राहुल चौधरी रहे। कार्यक्रम का संचालन राहुल चौधरी द्वारा किया गया। धन्यवाद ज्ञापन शालिनी खंगारोत द्वारा किया गया।



### कुलाधिपति बैरवाल ने की राज्यपाल कलराज मिश्र से मुलाकात

**बेधड़क** | जयपुर

राज्यपाल कलराज मिश्र से गुरूवार को राजभवन में डॉ. हरिसिंह गौर केंद्रीय विश्वविद्यालय, सागर (मध्य प्रदेश) के कुलाधिपति कन्हैयालाल बेरवाल ने मुलाकात की। राज्यपाल से उनकी यह शिष्टाचार भेंट थी। बेरवाल ने राज्यपाल से भेंट के दौरान उन्हें मध्यप्रदेश के सबसे पुराने व सबसे बड़े इस केंद्रीय विश्वविद्यालय की अकादमिक गतिविधियां और नई शिक्षा नीति के संदर्भ में शैक्षिक गुणवत्ता के संदर्भ में किए जा रहे प्रयासों के बारे में भी विस्तार से जानकारी दी।

### महाराजा बालिका स्कूल का स्थापना दिवस 6 को

**बेधड़क** | जयपुर

किशनपोल बाजार छोटी चौपड़ स्थित राजकीय महाराजा बालिका उच्च माध्यमिक विद्यालय का 158 वां स्थापना दिवस सोमवार को सुबह 9 बजे विद्यालय प्रागंण में धूमधाम से मनाया जाएगा। विद्यालय प्राचार्य पुखराज आर्य ने बताया कि विद्यालय की स्थापना 06 मई 1866 को तीन बालिकाओं से लूणकरण भिखारीदास नाटाणी की हवेली में की गई थी। वर्तमान में विद्यालय में कक्षा प्रथम से कक्षा बारह तक छात्राएं अध्ययनरत है। विद्यालय में सभी संकाय में छात्राएं अध्ययनरत है। 158 वां स्थापना दिवस विद्यालय विकास प्रबंधन समिति एवं अखिल भारतीय नाटाणी परिवार समिति के संयुक्त तत्वाधान में आयोजित किया जाएगा। अखिल भारतीय नाटाणी परिवार समिति के राष्ट्रीय प्रवक्ता एवं प्रचार मंत्री गोविन्द नाटाणी ने बताया कि विद्यालय की स्थापना दिवस पर शत् प्रतिशत परिणाम देने वाले शिक्षकों का सम्मान एवं कक्षा 10 वीं एवं 12 वीं में 90 प्रतिशत से अधिक अंक प्राप्त करने वाली छात्राओं एवं विद्यालय के पूर्व प्रधानाचार्यों का अखिल भारतीय नाटाणी परिवार समिति की ओर से सम्मानित किया जाएगा।

कार्यक्रम में भामाशाहों का सम्मान किया जाएगा। विद्यालय की छात्राओं द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा। साथ ही केक काटकर खुशी का इजहार किया जाएगा। इस अवसर काफी लोग मौजूद रहेंगे।

16 मई से 5 जून तक लगेंगे ग्रीष्मकालीन शिविर

# आरयू में 20 दिन खेलों में तराशने का मिलेगा मौका

**बेधड़क** | जयपुर

खेल बोर्ड राजस्थान विश्वविद्यालय जयपुर की ओर से पहली बार खेल बोर्ड परिसर में विभिन्न खेलों के लिए ग्रीष्मकालीन प्रशिक्षण शिविर का आयोजन किया जा रहा है। इसका पोस्टर विमोचन गुरुवार को कुलपति प्रो. अल्पना कटेजा के द्वारा किया गया। प्रो. कटेजा ने अधिक से अधिक प्रतिभागिता के लिए युवाओं का आह्वान किया एवं कहा कि आज का युवा ही स्वस्थ एवं समृद्ध भारत का भविष्य है। इस ग्रीष्मकालीन प्रशिक्षण शिविर के आयोजन की पहल खेल बोर्ड, सचिव डॉ. प्रीति शर्मा द्वारा की जा रही है। जिसके आयोजन द्वारा विश्वविद्यालय अपनी सामाजिक दायित्व को निर्वहन करनें की तरफ एक उन्मुक्त कदम बढा रहा है। इस अवसर पर खेल बोर्ड सचिव, डॉ. प्रीति शर्मा, सहा.निदेशक शारीरिक शिक्षा डॉ. शैलेष मौर्य, सुरेन्द्र मीणा, प्रभु दयाल बेनीवाल उपस्थित रहे।




### 7 वर्ष से अधिक उम्र के ले सकेंगे भाग

डॉ. प्रीति सचिव खेल बोर्ड ने बताया कि खेल बोर्ड, राजस्थान विश्वविद्यालय आरे निम्नलिखित खेलों और खेल गतिविधियों में 07 से अधिक वर्ष की आयु वर्ग के इच्छुक छात्रों, खिलाडियों तथा अन्य सभी वर्ग के लिए ग्रीष्मकालीन शिविर का आयोजन 16 मई से 05 जून तक किया जायेगा। इस ग्रीष्मकालीन प्रशिक्षण शिविर को विशेष रूप से तैयार किया गया है, जिससे खेलो इण्डिया, फिट इण्डिया जैसे खेल कार्यक्रमों को बढ़ावा देने के साथ-साथ बच्चों को खेलों की तरफ आकर्षित करने और उनको उच्च स्तरीय क्रीडा प्रशिक्षण उपलब्ध कराना है। इस प्रशिक्षण शिविर में बच्चो के अलावा किशोरों व वरिष्ठ नागरिकों की शारीरिक फिटनेस और मनोरंजन को ध्यान में रखकर क्रियान्वित किया गया है। यह ग्रीष्मकालीन प्रशिक्षण शिविर बच्चों/व्यस्कों में अनुशासन, शारीरिक फिटनेस, सामाजिक कौशल, नेतृत्व कौशल, आत्मविश्वास, जैसे गुणो को विकसित करने में सहायक होगा।

### इन खेलों का मिलेगा प्रशिक्षण

इस ग्रीष्मकालीन शिविर में वॉलीबाल, बॉस्केटबाल, बैडमिन्टन, टेबल-टेनिस, फुटबॉल, हैण्डबॉल, हॉकी, लॉन-टेनिस, योग, ऐरोबिक्स, क्रिकेट, फिटनेस गतिविधि एवं कुश्ती खेलों को शामिल किया गया है। विद्यार्थियों के पर्सनेलिटी डेवलपमेंट के लिए एरोबिक्स,योगा,फिटनेस एक्टिविटी भी इसमें शामिल सकारात्मक सोच व पर्सनेलिटी डेवलपमेंट के लिए योगा और एरोबिक्स एक्टिविटी को जोड़ा है। इससे विद्याथियों का व्यतीव विकास होगा साथ ही अध्ययन में एकाग्रता बढ़ेगी।

### विवि के विद्यार्थियों के लिए 600 रुपए शुल्क

सचिव ने बताया कि ग्रीष्मकालीन शिविर की विस्तृत सूचना राजस्थान विश्वविद्यालय की वेबसाईट पर उपलब्ध होगी। शिविर के लिए खेल बोर्ड द्वारा गूगल फार्म में ऑनलाईन आवेदन पत्र मांगे गए हैं। जिसे विश्वविद्यायल की वेबसाईट पर जाकर ऑनलाईन लिंक के माध्यम से भरकर उसकी हार्डकॉपी खेल बोर्ड कार्यालय में जमा करानी होगी। शिविर के लिये प्रत्येक खेल का पंजीकरण शुल्क 100/- रूपये होगा एवं खेल सुविधा शुल्क विश्वविद्यालय विद्यार्थियों, शिक्षकों एवं कर्मचारी गणों एवं उनके आश्रितों के लिए 600/- एवं विश्वविद्यालय के बाहरी सदस्यों के लिये 1200/- होगा।

### रंगमंच पर अभिनय नाट्य कार्यशाला 9 मई से

**जयपुर।** रंगमंच में अभिनय एक जुनून है। इसके जुनून को जगाने के लिए रवीन्द्र मंच पर स्पेशल वर्कशॉप का आयोजन किया जाएगा। इसका निर्देशन वरिष्ठ रंगकर्मी और तमाशा साधक दिलीप भट्ट रूबरू होंगे। दिलीप भट्ट ने कहा कि जुनून और जज्बे के साथ काम करने वाला सच्चा कलाकार वही है।

जो बड़ी शिद्दत से उन बारीकियों को सीखे, जिससे वह कलाकार बन सके, तभी वह एक पूरा कलाकार बनता है। इसी को चरित्रार्थ करने की योजना से 9 मई से 8 जून तक कार्यशाला आयोजित की जाएगी।

यह कार्यशाला परम्परा नाट्य समिति द्वारा आयोजित होने जा रही है। इसमें अभिनय की अलग-अलग बारीकियों के बारे में बताया जाएगा। नए कलाकारों को नाटक के महत्वपूर्ण विषयों की जानकारी दी जाएगी। इस दौरान नाटक को भी तैयार किया जाएगा।



भारतीय संविधान पर हुई कार्यशाला

### संविधान के विभिन्न आयामों पर की चर्चा

**बेधड़क** | जयपुर

राजस्थान विश्वविद्यालय जयपुर के डॉ. अंबेडकर अध्ययन केन्द्र और जय नारायण व्यास विश्वविद्यालय, जोधपुर के अंबेडकर अध्ययन केन्द्र के संयुक्त तत्वाधान से आयोजित सात दिवसीय ऑनलाइन कार्यशाला संपन्न हो गई। यह पहली बार है कि दोनों विश्वविद्यालय के किसी अध्ययन केंद्र ने इस प्रकार की कार्यशाला का आयोजन किया है। डॉ. अंबेडकर अध्ययन केंद्र राजस्थान विश्वविद्यालय की निदेशक डॉ. सुमन मौर्य और जय नारायण व्यास विश्वविद्यालय अंबेडकर अध्ययन केंद्र के निदेशक डॉ. दिनेश गहलोत ने बताया कि इस सात दिवसीय कार्यशाला में भारतीय संविधान और राजव्यवस्था के विभिन्न आयामों पर चर्चा की गई । इसके अंतर्गत संविधान निर्माण की कहानी, अनुसूचियों, प्रस्तावना, संविधान संशोधन की प्रक्रिया, नये राज्य के गठन की प्रक्रिया तथा संविधान के आधारभूत ढ़ांचे पर चर्चा की गई । कार्यशाला में सहभागी शोधार्थियों व शिक्षकों के संविधान व राज व्यवस्था से संबंधित प्रश्नों पर विशद चर्चा करते हुए उनकी जिज्ञासाओं को भी कार्यशाला में शांत किया गया । इस सात दिवसीय कार्यशाला की विचार मंथन की प्रक्रिया में 100 से अधिक प्रतिभागियों ने अपनी सहभागिता दर्ज कराई। सातवें दिन राजस्थान विश्वविद्यालय, जयपुर के डॉ. बेडकर अध्ययन केंद्र की निदेशक डॉ. सुमन मौर्य ने अपने उद्बोधन में संविधान के आधारभूत ढ़ांचे तथा केशवानंद भारती वाद पर प्रकाश डाला । कार्यशाला में भाग लेने वाले सभी प्रतिभागियों प्रमाण पत्र भी दिया गया ।

### छात्रों ने सीखी घर पर खाद बनाने की तकनीक

**बेधड़क** | जयपुर

हेरिटेज निगम के जागो जयपुर जगमग जयपुर अभियान के तहत गुरुवार को एसएस जैन सुबोध कॉलेज के छात्र छात्राओं को घर पर गीले कचरे से खाद बनाना सिखाया। निगम ने क्लब महिंद्रा होटल के साथ संयुक्त अभियान में छात्र छात्राओं को स्वच्छता के लिए प्रेरित किया। हेरिटेज निगम की मुख्य स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. सोनिया अग्रवाल ने बताया कि क्लब महिंद्रा होटल स्वच्छता अभियान को बढ़ावा देते हुए प्रतिदिन 100 किलोग्राम से अधिक वेस्ट कचरे को आधुनिक मशीनरी के जरिए खाद में तब्दील कर रहा है। विद्यार्थियों ने होटल परिसर में लगी ऑर्गेनिक वेस्ट कन्वेटर मशीन देखी और इस तकनीक को समझा। कार्यक्रम में मौजूद सभी सदस्यों ने जयपुर को स्वच्छ बनाने का संकल्प लिया। कार्यक्रम में जिला परियोजना अधिकारी अमित शर्मा, क्लब महिंद्रा होटल के ऑपरेशन मैनेजर दीपक यादव, सुबोध कॉलेज के डॉ. विशाल आदि थे।



खोज | राजस्थान विश्वविद्यालय के शोधकर्ताओं की उपलब्धि

# आरयू ने की स्टू ग्रीन लिंक्स मकड़ी की नई प्रजाति की खोज



**बेधड़क** | जयपुर

राजस्थान विश्वविद्यालय के जूलॉजी विभाग के शोधकर्ताओं ने पौधों को नुकसान पहुंचाने वाले कीडों को खा जाने वाली ग्रीन लिंक्स मकड़ी की नई प्रजाति की खोज की है।





विश्वविद्यालय जूलॉजी विभाग की एसोसिएट प्रोफेसर डॉ. विनोद कुमारी के निर्देशन में रिसर्च स्कॉलर निर्मला कुमारी के द्वारा की गई इस महत्वपूर्ण गहन खोज को देश के प्रतिष्ठित स्पाइडर रिसर्च लैब जो कि अमरावती, महाराष्ट्र में स्थित है के विशेषज्ञ अरेकनोलॉजिस्ट डॉ. अतुल बोडके द्वारा पहचान कर पुष्टि की गई है व इसे इण्टरनेशनल सोसाइटी ऑफ अरेकनॉलॉजी द्वारा विश्व के प्रतिष्ठित जर्नल "द अरेकनोलॉजिकल बुलेटिन ऑफ मिडिल ईस्ट एण्ड नॉर्थ अफ्रीका (SERKET)" में प्रकाशित किया गया है। राजस्थान विश्वविद्यालय के शोधकर्ताओं ने मकड़ी की खोज की गई। इस नई प्रजाति का नाम प्युसेटिया छापराजनिरविन दिया है।

### तालछापर चूरू में की गई खोज

एसोसिएट प्रोफेसर डॉ. विनोद कुमारी के अनुसार इस मकड़ी की प्रजाति की खोज ताल छापर अभ्यारण (चुरू) में की गई है व इसके नमूनों को राजस्थान विश्वविद्यालय की कीट विज्ञान प्रयोगशाला में संरक्षित रखा गया है। विश्वविद्यालय के शोधकर्ताओं को मकड़ी की यह नई प्रजाति तालछापर वन्य जीव अभ्यारण में फील्ड वर्क के दौरान बबूल पेड की हरी पत्तियों पर मिली। इस मकड़ी का हरा रंग परिवेश में घुलने मिलने और पौधों को नुकसान पहुंचाने वाले कीडों के शिकार पर घात लगाने में सहायता करता है। इस मकड़ी के लंबे पैर फुर्ती से तेज चलने में सहायक होते हैं। इस मकड़ी की जीवन शैली रात्रिचर होती है। विश्वविद्यालय शोधकर्ताओं ने इस ग्रीन लिंक्स मकडियों को पतंगों की कई प्रजातियों को खाते हुए भी पाया। राजस्थान विश्वविद्यालय की कुलपति प्रो. अल्पना कटेजा ने इस महत्वपूर्ण शोध के लिए ऐसोसिएट प्रोफेसर डॉ. विनोद कुमारी एवं रिसर्च स्कॉलर निर्मला कुमारी को शुभकामनाएं दीं हैं।

# संपत्तियों का सर्वे... पुनर्वितरण... कांग्रेस और विवाद!



**अवधेश कुमार**
वरिष्ठ पत्रकार

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की ओर से संपत्ति सर्वे और पुनर्वितरण मुद्दे को उठाए जाने के बाद यह विषय स्वाभाविक ही तत्काल चुनाव का गर्म मुद्दा बन गया है। कांग्रेस प्रधानमंत्री पर झूठ बोलने का आरोप तो लगाती तो है, किंतु इसका खंडन नहीं करती कि वह संपत्तियों का सर्वे तथा उनके पुनर्वितरण करने के पक्ष में है। आज अगर कांग्रेस के वेबसाइट पर जाएं तो घोषणा पत्र में यह पंक्ति नहीं है। किंतु पिछले दो महीनों में राहुल गांधी के इस संबंध में जगह-जगह स्पष्ट वक्तव्य आए हैं। पिछले 12 मार्च को महाराष्ट्र के नंदुरबार में न्याय यात्रा की सभा में उन्होंने कहा था कि जाति जनगणना और आर्थिक एवं वित्तीय सर्वे क्रांतिकारी कदम है। कांग्रेस अपने घोषणा पत्र में इसे डालेगी। पिछले 7 अप्रैल को उन्होंने हैदराबाद की सभा में स्पष्ट कहा कि 'हम पहले यह निर्धारित करने के लिए एक राष्ट्रव्यापी जाति जनगणना करेंगे कि कितने लोग अन्य पिछड़ा वर्ग, अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति और अल्पसंख्यक समुदाय से हैं। उसके बाद धन के समान वितरण को सुनिश्चित करने के लिए एक ऐतिहासिक कदम के तहत हम एक वित्तीय और संस्थागत सर्वेक्षण कराएंगे। तो धन के समान वितरण शब्द का राहुल गांधी ने स्वयं प्रयोग किया है। 6 अप्रैल को उन्होंने कहा था कि हम एक वित्तीय और संस्थानिक सर्वे करेंगे। यह पता लगाएंगे कि हिंदुस्तान का धन किसके हाथ में है, कौन से वर्ग के हाथ में है और इस ऐतिहासिक कदम के बाद हम क्रांतिकारी काम शुरू करेंगे। जो आपका हक बनता है वह हम आपके लिए आपको देने का काम करेंगे। ऐसे और भी वक्तव्य उद्धृत किया जा सकते हैं।

*"नरेंद्र मोदी सरकार पर राहुल गांधी के हमले कई बार दुनिया भर में सोशल मीडिया और मुख्य मीडिया की सुर्खियां बन जाते हैं और स्वतंत्रता, समानता, पर्यावरण संरक्षण ,मानवाधिकार ,अल्पसंख्यकों की सुरक्षा, शरणार्थियों को विशेष अधिकार आदि के नाम पर झंडा उठाने वाले वैश्विक व्यक्तित्व इनके साथ खड़े दिखते हैं। विश्व भर में ऐसे लोगों का झुंड खड़ा हुआ है जो संयुक्त राष्ट्र के अधिवेशन से लेकर अनेक वैश्विक सम्मेलनों के बाहर प्रदर्शन करता है, अपना एजेंडा दुनिया के सामने रखने की कोशिश करता है।"*

राहुल गांधी की घोषणाओं को कांग्रेस का वक्तव्य माना जाए या नहीं? कांग्रेस के प्रवक्ता यह तो कह ही रहे हैं कि कुछ मुट्ठी भर लोगों के पास संपत्ति आ गई है। उनकी भाषा ऐसी होती है मानो जिन उद्योगपतियों, व्यापारियों या कॉर्पोरेट के पास ज्यादा संपत्ति है उनको वह रहने देने के पक्ष में नहीं है। वक्तव्य का स्वर ऐसा होता है कि सत्ता में आने पर कांग्रेस सबसे लेकर गरीबों में बांट देगी। प्रधानमंत्री के आरोप के बाद कांग्रेस का पक्ष रखने आए पवन खेड़ा पूरे वक्तव्य में लंबे समय तक अदानी का नाम लेते रहे। कांग्रेस के घोषणा पत्र में आपको थॉमस पिकेटी सहित प्रमुख वैश्विक अर्थशास्त्रियों की "भारत में आय और धन असमानता, 1922-2023: अरबपति राज का उदय" शीर्षक वाली रिपोर्ट का नाम लेते हुए लिखा गया है कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के तहत भारत ब्रिटिश राज की तुलना में अधिक असमान है। आर्थिक विषमता समस्या है और इसको कम करने की जरूरत है। किंतु इस प्रकार की भाषा पुराने समय में क्रांति के माध्यम से सत्ता परिवर्तन और समस्त पूंजी पर राज्य नियंत्रण के सिद्धांत को मानने वाले मार्क्सवादी लेनिनवादी करते थे। बाद में माओवादी उनसे ज्यादा आक्रामक हुए और आज के समय में भारत में वही ऐसी घोषणाएं करते हैं। आगे कांग्रेस अपने घोषणा पत्र में लोगों से पूछती भी है कि आपको क्या चुनना है, सभी के लिए समृद्धि या कुछ लोगों के लिए धन के बीच, न्याय या अन्याय के बीच? वर्ष 2024 में लोकसभा चुनाव एक-दलीय तानाशाही पर लोकतंत्र, भय पर स्वतंत्रता, कुछ लोगों की समृद्धि पर सभी के लिए आर्थिक विकास और अन्याय पर न्याय को चुनने का अवसर प्रदान करेगा। वर्तमान कांग्रेस में राहुल गांधी के विचार ही सर्वोच्च हैं। जो राहुल गांधी चाहेंगे वही कांग्रेस करेगी। वह घोषणा पत्र जारी होने के पहले से ही कह रहे हैं कि हम सर्वे और पुनर्वितरण को इसमें शामिल करेंगे और जारी होने के बाद भी उनका बयान यही रहा। यदि घोषणा पत्र यानी न्याय पत्र में आज नहीं है तो यह सामान्य स्थिति नहीं मानी जा सकती। या तो विवाद उठने के बाद उसे हटा दिया गया या घोषणा पत्र समिति के अध्यक्ष पी चिदंबरम ने इसे अव्यावहारिक मानते हुए उनको बिना बताए शामिल नहीं किया।

यानी राहुल गांधी अनेक ऐसी बातें बोलते हैं जिनको उन्हीं की पार्टी में थोड़ी समझ रखने वाले कुछ नेता व्यावहारिक नहीं मानते, लेकिन जिस तरह भारी संख्या में कांग्रेस के लोग बोलने लगे हैं कि कुछ लोगों के हाथों में संपत्ति होने की स्थिति को पार्टी खत्म करना चाहती है उसका भी अपना अर्थ है। कुछ तो यह भी तर्क दे रहे हैं कि ऐसा कई देशों खासकर अमेरिका, फिनलैंड, स्वीडन आदि में हो चुका है। फिनलैंड जैसे कुछ एक देश में थोड़ी कोशिश हुई पर उसका स्वरूप भी अलग है। सच यह है कि 1917 में रूस की बोल्शेविक क्रांति के बाद कुछ अन्य देशों में कम्युनिस्ट क्रांतियां हुई और वहां राज्य ने समस्त संपत्तियों पर कब्जा किया। चीन ने भी आरंभ में यही किया। उन देशों में भी संपत्तियों का पुनर्वितरण संभव नहीं हुआ और स्थिति बिगड़ती चली गई। चीन में तो 1980 और 90 के दशक में ही निजी पूंजीपतियों की संख्या की तुलना किसी भी प्रमुख देशों से की जा सकती थी। ऐसे प्रयोग कहीं सफल नहीं हुए। प्रश्न यह भी है कि आखिर कांग्रेस व्यक्तियों और संस्थाओं के वित्तीय और आर्थिक स्थिति का सर्वे कैसे कराएगी? क्या घर-घर जाकर सरकार के कर्मी देखेंगे कि किनके पास क्या है? मोटा-मोटी भूमि या अन्य क्षेत्रों में निवेश की जानकारी इस समय पैन कार्ड और आधार कार्ड के कारण सरकार के पास है। अगर छिपी हुई संपत्ति का पता लगाना है तो ऐसा ही करना होगा। किसके पास कितना है और किसके पास नहीं है। अगर इन दोनों बातों का पता लगाना है तो एक-एक घर, कार्यालय में प्रवेश करना ही होगा। कोई चाहे ना चाहे जबरन उनसे उनकी पूरी प्रकट और छिपी संपत्ति का विवरण लेना पड़ेगा।

**(ये लेखक के निजी विचार हैं)**

### चीड़ के पेड़ों से निकलने वाला पिरूल है आग का प्रमुख कारण

# कब बुझेगी उत्तराखंड के जंगलों की आग



**ज्ञानेन्द्र रावत**
वरिष्ठ पत्रकार व पर्यावरणविद्

*"इससे न केवल जन-धन की भारी हानि होती है, हजारों-लाखों हैक्टेयर जंगलों का भी खात्मा हो जाता है, हरित संपदा और जैव विविधता की हानि होती है, कीट-पतंगे सहित असंख्य प्रजातियां इस आग में समाधि बन जाती हैं। जंगली जीव भी अपनी जान बचाने की खातिर रिहाइशी इलाकों की ओर रुख करते हैं, जो आग के चंगुल से नहीं बच पाते वे अनचाही मौत के मुंह में चले जाते हैं।"*

उत्तराखंड के जंगलों की आग थमने का नाम नहीं ले रही है। राज्य के सभी पर्वतीय जिले आग की चपेट में हैं। वह चाहे गढ़वाल का इलाका हो या कुमाऊं का, अलकनंदा भूमि संरक्षण वन प्रभाग हो, लैंसडाउन हो, चंपावत हो, अल्मोड़ा हो, पिथौरागढ़ हो या फिर केदारनाथ प्रभाग हो। राज्य का कोई भी इलाका आग की चपेट में आने से नहीं बचा है। हालात इतने विकराल हो चुके हैं कि बीते करीब 10-12 दिनों से जारी आग ने रिहायशी इलाकों और सड़कों तक को अपनी चपेट में ले लिया है। आग की भयावहता का आलम यह है कि अभी तक राज्य में आग लगने की करीब 575 से भी ज्यादा घटनाओं में 689.89 हैक्टेयर से भी ज्यादा जंगल आग की भेंट चढ़ चुके हैं। जंगलों की आग के चलते सेना ने मोर्चा संभाल रखा है।



एनडीआरएफ की टुकड़ी भी आग बुझाने और बचाव कार्य में जुटी है। आग बुझाने में वायु सेना के हेलिकॉप्टर जंगलों में लगी आग पर पानी की बौछार करने में लगे हुए हैं। राज्य के सभी टाइगर रिजर्व में अलर्ट घोषित कर दिया गया है। राज्य के दुधवा टाइगर रिजर्व के फायर कंट्रोल रूम को सेटेलाइट से जोड़ा गया है, हर दो किलोमीटर पर फायर लाइन बनाया गई है, जिससे यदि आग लग भी जाए तो उसे फैलने से तत्काल रोका जा सके। पिथौरागढ़ में अस्कोट मृग अभयारण्य के जंगल, गैरसैंण में आयुर्वेदिक अस्पताल, जीआईसी, भी इस आग से नहीं बचे हैं। यहां सैकड़ों की तादाद में अखरोट, सेब, अमरूद आदि दर्जनों फलदार किस्म के पेड़ आग की समिधा बन गये हैं। गोचर में सिरकोट, बाभनटिका,अस्कोट मृग विहार, धुंधला और गौरीछाल के जंगल भी आग से धधक रहे हैं। यहां के कूंचा, कनाली छीना के सतगढ़, कंचनपुर तोक में जंगल की आग ने घरों तक को नहीं बख्शा है। बसंतपुर की ओर से सुलगती आग ने शैल और कांडा के ऊपर चीड़ के जंगलों को भी नहीं बख्शा है। अब आग ने पॉलिटेक्निक की ओर रुख कर लिया है। अल्मोड़ा के सल्ट क्षेत्र में सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र भी आग की भेंट चढ़ गया है, जिससे अस्पताल का ऑक्सीजन प्लांट और रिकॉर्ड रूम में रखे दस्तावेज भी आग से अछूते नहीं रहे हैं। यहां पातालदेवी की आग ने जंगल ही नहीं रिहायशी इलाकों को भी अपनी चपेट में ले लिया है। यहां लोहाघाट-घाट नेशनल हाइवे की सुरक्षा हेतु लगी जाली भी जलकर राख हो गई है। बागेश्वर में आग कलक्ट्रेट तक पहुंच गई है जहां आग से बिजली की बायरिंग तक जल गई है और 40 से अधिक सरकारी विभागों की इंटरनेट सेवा प्रभावित हुई है। यहां स्थित मैग्नेसाइट फैक्टरी भी आग की चपेट में आई है।

बैजनाथ रेंज के गैरलैख, पुरडा, अमोल और धौलादेवी ब्लाक वन पंचायत ,छल्ली, पनुवानौला, धन्या, बातकुना तथा धमरधर व पौड़ी बैंड के पास के जंगल भी धधक रहे हैं। गोपेश्वर के सिरोसिणजी जंगल का आधे से ज्यादा हिस्सा स्वाहा हो गया है। कौसानी में आर्मी कैंप तक आग पहुंच चुकी है। चंपावत में क्रांतेश्वर के जंगल भी राख हो चुके हैं। यहां मकान भी आग से नहीं बचे हैं। डीडीहाट की भी यही स्थिति है। टनकपुर में बूम रेंज में टीआरसी के पास तक आग से बस्ती और जंगल धधक रहे हैं। वन विभाग के कर्मचारियों को पानी के टैंकर, एयर ब्लोवर, मशीनों और आग बुझाने के उपकरणों से लैस किया गया है। आग ने हल्द्वानी में जिला कलक्ट्रेट स्थित निर्वाचन कार्यालय को भी अपनी चपेट में ले लिया है। नैनीताल जिले के गठिया क्षेत्र के जंगलों की आग पाइस तक पहुंच गई है, पाइस के ऊपर पहाड़ पर स्थित वायु सेना स्टेशन तक आग न पहुंचे, इसलिए हेलिकॉप्टर को नियंत्रण के लिए तैनात किया गया है। आईटीआई का खंडहर में तब्दील भवन आग से राख हो चुका है। यहां पहाड़पानी, दीनी पंचायत, धारी के जंगल अब भी सुलग रहे हैं। नैनीताल में आग से आकाश में नीली धुंध छाई हुई है। यहां आग की भयावहता के चलते पर्यटकों की होटलों में बुकिंग रद्द कर दी गई है। राज्य के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने राज्य के जिलों के सभी डीएम और एसएसपी को प्रभावित क्षेत्रों का दौरा करने, वन विभाग को आग पर नियंत्रण करने में सहयोग देने व आग लगाने वालों के खिलाफ कड़ी कार्रवाही करने के निर्देश दिए हैं। दरअसल उत्तराखंड के जंगलों में शुष्क मौसम, मानवीय गतिविधियों, बिजली गिरने और जलवायु परिवर्तन के कारण हर साल बार-बार आग लगने की घटनाएं होती हैं। गर्मी के मौसम आते-आते चीड़ के पेड़ों से निकले पिरूल से तेजी से चलती हवाओं के संपर्क में आने से लग रही आग की घटनाएं हर साल आम बात हैं। विडंबना यह है कि लाख कोशिशों के बावजूद अभी तक इस समस्या का कोई ठोस निदान नहीं हो सका है। गौरतलब है कि उत्तराखंड के पहाड़ चीड़ के जंगलों से भरे पड़े हैं। आग का सबसे बड़ा कारण चीड़ के पेड़ों से निकलता पिरूल है। फिर चीड़ के पेड़ से निकलने वाला लीसा नामक तरल पदार्थ जो आग लगने पर पेट्रोल की तरह तेजी से फैलता है। चीड़ का पेड़ जहां-जहां भी होता है, यह खासकर सूखे या शुष्क भूमि पर उगता है जहां पानी की जरूरत नहीं होती। वह मिट्टी की उर्वरा शक्ति को खत्म कर देता है। यानी मिट्टी की पकड़ को ही ढीली कर वहां के पानी के स्त्रोतों को ही खत्म कर देता है। इसकी पत्तियां जहां गिरती हैं, वहां घास उगना मुश्किल हो जाता है। गर्मी में तो इसकी पत्तियां इतनी तेजी से आग पकड़ती हैं जो मिनटों में ही भयावह रूप अख्तियार कर लेती हैं। पहाड़ में जरा सी मानवीय भूल आग की बेवजह कारण बन जाती है। चूंकि गर्मी में सूखे की स्थिति होती है, इसलिए पिरूल में जरा सी चिंगारी पूरे जंगल में आग लगने का कारण बन जाती है।

यह सही है कि चीड़ की लकड़ी का प्राचीन काल से ही भवन निर्माण-फर्नीचर आदि में उपयोग होता रहा है, पहले तो रेल के स्लीपर भी चीड़ की लकड़ी के ही होते थे, लेकिन जंगलों की आग में चीड़ और उससे निकलने वाले पिरूल की अहम भूमिका को देखते हुए काफी समय से पहाड़ों पर बांज के पेड़ लगाए जाने की मांग जोर पकड़ रही है। समझ नहीं आता इस दिशा में सरकारें क्यों उदासीन हैं। जबकि बांज के पेड़ों की उपयोगिता जगजाहिर है। जहां तक बांज का सवाल है, बांज के पेड़ उत्तराखंड में समुद्र तल से 1800 मीटर की ऊंचाई पर पाए जाते हैं। बांज को उत्तराखंड में हरा सोना भी कहा जाता है। दुनिया में यह एकमात्र वृक्ष है जो वायुमंडल से नमी को खींचकर भूमि तक पहुंचाता है। इस प्रकार बांज जहां-जहां भी पाए जाते हैं, वहां पानी भरपूर मात्रा में होता है। खासियत यह है कि इसमें कार्बन की मात्रा कम पाई जाती है। आग लगाने वालों की कैमरों से निगरानी की जा रही है और कुछ पकड़े भी गये हैं। लेकिन इस सबके बावजूद सवाल यह अहम है कि जंगल की यह आग कब बुझेगी? और क्या जंगल बचे रह पायेंगे। असली चिंता की वजह तो यही है।

***(लेखक वरिष्ठ पत्रकार एवं पर्यावरणविद हैं।)***

### व्यंग्य

# ...सिर्फ आपकी सेवा के लिए



**राजेंद्र बज**
व्यंग्यकार

हर छोटे-बड़े चुनाव में 'न धन के लिए - न यश के लिए, सिर्फ आपकी सेवा के लिए', यह जुमला पोस्टर और बैनरों पर चस्पा कर दिया जाता है। अब यह अलग बात है कि इस जुमले को कोई गंभीरता से नहीं लेता। कारण साफ है कि अब अधिकांश नागरिकों ने यह मान लिया है कि काम करने के लिए 'खाना और दिखाना' जरूरी होता है। भूख सबको लगती है। भूख भी भांति-भांति की हुआ करती है। ऐसे में यह कल्पना से परे ही होगा कि कोई भूखा रहकर काम कर सके। सीधी सी बात है कि खाएंगे नहीं तो आखिर काम कैसे करेंगे? अब तो आम नागरिक इतने 'प्रैक्टिकल' हो गए हैं कि उंगलियों पर गिना सकते हैं कि किसने कितना खाया होगा? दरअसल सिस्टम में अधिकांश लेनदेन बंधी बंधाई तर्ज पर होने लगा है।

चूंकि तथाकथित जनहित की दिशा में काम करने वालों को भी गृहस्थ धर्म का परिपालन करना होता है। स्वाभाविक है कि खाएंगे तभी तो खिला पाएंगे। वैसे आम नागरिक भी अब कुछ-कुछ जिद्दी हो चले हैं, वे किसी भी कीमत पर यह मानने वाले नहीं हैं कि कोई काम करें और नहीं खाएं! हालांकि कुछ भले मानुष ऐसे भी होते हैं जिनकी मनोवृति सतयुग की होती है, लेकिन इनका पारिवारिक जीवन तानों और उलाहनों से भरा हुआ होता है।

कोई तो इसलिए भी खाता है कि नहीं खाएंगे तो भी उसे खाने वाला ही समझा जाएगा। इस कारण के चलते वे खाने लगते हैं। ज्यादा खाया अपनी रंगत दिखाता है और राजनीति की पंगत में बने रहने का अधिकार भी देता है। क्योंकि वह व्यावहारिक रूप से विकास पसंद होता है। वैसे भी सरकारी स्तर पर यह बहु प्रचारित तथ्य है कि सौजन्य से सभी प्रसन्न रहा करते हैं। जब हमारा कोई काम ले-देकर पूरा होता नजर आए, यानी कि भेंट पूजा स्वीकार ली जाए - यकीन मानिए , तब हम अपने आप को दुनिया का सबसे भाग्यशाली जीव समझने लगते हैं। वैसे भी यह स्वाभाविक है कि जब हम अपने काम के प्रति आश्वस्त हो जाते हैं, एक अनूठी निश्चिंतता से परिपूर्ण हो जाते हैं। दरअसल खाता हुआ आदमी ही काम करते हुए दिखता है। यानी कि जो नहीं खाता है - वह हर एक काम में अड़ंगे लगाया करता है, ऐसे लोग अवाम को कभी पसंद नहीं आते। वैसे भी यह जमाना बारीकी करने का नहीं है। मोटे तौर पर व्यवस्था की मुख्यधारा के साथ चलना ही श्रेयस्कर होता है।

आजकल की प्रचलित परंपरा में ऐसे सिद्धांतवादी लोग 'काठी की हांडी' हुआ करते हैं, जो सत्ता की आंच पर दोबारा नहीं चढ़ पाते हैं। इनके मामले में यही कहा जा सकता है कि बिल्ली के भाग्य से छींका बार-बार नहीं टूटा करता। लेकिन जो व्यावहारिक होते हैं, वह दीर्घकाल तक राजनीति में कलदार सिक्के की भांति खनक बनाए रखते हैं।

वैसे भी जब देने-लेने वाला राजी हो, भला किसी को क्या तकलीफ हो सकती है? हमने देखा है कि जो व्यवस्था के साथ नहीं चलते, चार कदम भी आगे नहीं बढ़ सकते। इसलिए यह जरूरी है कि हम यह मानकर चले कि आज के जमाने में वही चैन की सांस ले सकता है जो दोनों हाथों से ताली बजाता है। यह शोध का विषय है कि देने वाला अधिक खुश होता है या लेने वाला? इस संबंध में इनकी खुशी पर हमें ग्रहण नहीं लगाना चाहिए।

X



**राजनाथ सिंह**, रक्षा मंत्री, भारत सरकार
**@rajnathsingh**
कांग्रेस की एक भी सरकार ऐसी नही मिलेगी जिस पर भ्रष्टाचार के आरोप न लगे हो। बिहार में भ्रष्टाचार के सबसे ज्यादा आरोप राजद के ऊपर लगे हैं।



**भजनलाल शर्मा**, मुख्यमंत्री, राजस्थान
@BhajanLalBJP
सबको सुविधा, सबका ध्यान... डबल इंजन वाली भाजपा सरकार की यही पहचान... "वृद्धजनों के उपचार की विशेष व्यवस्था"

### नॉलेज कॉर्नर: पाकिस्तान के लाहौर में 1894 को हुई थी स्थापना

# 230 साल पुराना है पंजाब नेशनल बैंक

किसी भी व्यक्ति को रुपया-पैसा जमा करना या निकलना हो तो वह बैंक में जाता है। दरअसल बैंक में हम धन व आभूषण जमा करवा सकते हैं। माना जाता है कि यहां पैसा जमा कराने से सुरक्षित तो रहता ही है, साथ ही ब्याज के साथ बढ़कर भी मिलता है। हमारे देश में ऐसे कई बैंक हैं जहां लोग अपने अकाउंट रखते हैं। कुछ तो एक से अधिक बैंकों में खाते खुलवा लेते हैं। आज देश में कुल 100 से अधिक बैंक हैं। कुल सरकारी बैंकों की संख्या 12 है, हालांकि कुछ समय पहले इनकी संख्या 21 थी, लेकिन केंद्र सरकार ने कई बैंकों का एक दूसरे में विलय कर दिया। इसके बाद सरकारी बैंकों की संख्या 12 हो गई। पीएनबी के बारे में विस्तार से जानेंगे आज के कॉर्नर में...

## देश का सबसे पुराना बैंक

पंजाब नेशनल बैंक भारत का सबसे पुराना बैंक है। इसे लघुरूप में पीएनबी नाम से जानते हैं। इसे देश के दिग्गज व्यावसायिकों द्वारा संचालित किया जाता है, इसलिए पूरे 219 वर्षों से इस बैंक ने सफलता का रिकॉर्ड कायम किया है। इसकी स्थापना 19 मई, 1894 को भारतीय कंपनी अधिनियम के तहत पाकिस्तान के लाहौर में की गई थी। 37 लाख ग्राहकों के साथ यह भारत का दूसरा सबसे बड़ा सरकारी वाणिज्यिक बैंक है। इसकी गणना अनुसूचित बैंकों में की जाती है। भारत के 764 शहरों में इसकी लगभग 4500 शाखाएं हैं। लंदन के बैंकर अल्मानेक के मुताबिक पंजाब नेशनल बैंक का स्थान दुनिया के सबसे बड़े बैंकों में 248वें स्थान पर है। देशभर में इसके दस हजार से भी अधिक कार्यालय हैं। वर्तमान में इसके सीईओ अतुल कुमार गोयल हैं।




## नई दिल्ली में मुख्यालय

पंजाब नेशनल बैंक की शुरुआत बहुत छोटे रूप में हुई थी, लेकिन आज यह देश का नामी बैंक बन गया है। इस बैंक की स्थापना देश आजाद होने के 50 साल पहले की गई थी। भारत और पकिस्तान के विभाजन से पहले लाहौर शहर में इसकी नींव रखी गई थी। इसलिए इसे पूरी तरह भारतीय पूंजी के साथ शुरू किया गया, भारतीय बैंक होने का गौरव प्राप्त है। जुलाई, 1969 में पंजाब नेशनल बैंक का राष्ट्रीयकरण 13 अन्य बैंकों के साथ कर दिया गया था। इसका नाम शीर्ष पांच बैंकों में लिया जाता है। वित्तीय वर्ष 2007 में इस बैंक की कुल संपत्ति 60 अरब अमेरिकी डॉलर थी। इस बैंक का मुख्यालय नई दिल्ली में है।

## दुनियाभर में हैं शाखाएं

*पंजाब नेशनल बैंक की शाखाएं भारत के अलावा अन्य देशों में भी हैं। ब्रिटेन में इसे एक बैंकिंग सहायक उपक्रम के तौर पर जाना जाता है। इसके अलावा हांगकांग और काबुल में भी इसकी शाखाएं हैं। अल्माटी, शंघाई और दुबई में इसके प्रतिनिधि कार्यालय हैं। विश्वभर में इसकी सात देशों में शाखाएं हैं।*

*कंटेंट: प्रताप सिंह नेगी*

कैसरगंज सीट पर सस्पेंस खत्म: अंतरराष्ट्रीय महिला पहलवानों के यौन के बाद विवादों में आए थे भाजपा सांसद

# बृजभूषण सिंह का टिकट कटा... लेकिन दे दिया पुत्र करण भूषण को

**एजेंसी** | गोंडा

यूपी की लोकसभा सीट कैसरगंज पर भाजपा के उम्मीदवार को लेकर बना सस्पेंस खत्म हो गया है। इस सीट से मौजूदा सांसद बृजभूषण शरण सिंह चुनाव नहीं लड़ेंगे। भाजपा ने उनके छोटे बेटे करण भूषण को टिकट दिया है। ऐसे में करण भूषण सिंह पहली बार लोकसभा चुनाव में भाजपा के टिकट पर किस्मत अजमाएंगे। करण भूषण सिंह उत्तर प्रदेश कुश्ती संघ के अध्यक्ष हैं। इससे पहले वह भारतीय कुश्ती महासंघ के उपाध्यक्ष भी रह चुके हैं। अंतर्राष्ट्रीय महिला पहलवानों के यौन शोषण जैसे गंभीर आरोपों में घिरे भारतीय कुश्ती महासंघ के पूर्व अध्यक्ष बृजभूषण शरण सिंह के मामले की दिल्ली के एक कोर्ट में सुनवाई चल रही है।

ऐसे में पिछले कई दिनों से कैसरगंज सीट पर भाजपा की ओर से प्रत्याशी की घोषणा नहीं हो सकी थी। भाजपा की सूची जारी होने से पूर्व संकेत मिलते ही करण भूषण सिंह के नाम पर उनके प्रतिनिधि जनार्दन तिवारी ने कलेक्ट्रेट




पहुंचकर चार सेट नामांकन पत्र खरीदा। कैसरगंज सांसद के बड़े बेटे और गोंडा सदर से भाजपा विधायक प्रतीक भूषण ने वाट्सऐप ग्रुप पर जानकारी साझा की थी।

### पिता का लिया आशीर्वाद

इसके पहले, टिकट का आश्वासन मिलने के बाद करण भूषण ने अपने पिता व वर्तमान सांसद बृजभूषण शरण सिंह से आशीर्वाद लिया और उनके पैर छुए। आशीर्वाद लेने के दौरान बृजभूषण ने अपने समर्थकों से करण भूषण सिंह को प्रत्याशी बनाए जाने की बात बताई और क्षेत्र में प्रचार करने की बात कही। करण भूषण शुक्रवार सुबह 11.00 बजे नामांकन दाखिल करेंगे। कैसरगंज सीट पर बृजभूषण की मजबूत पकड़ है। ऐसे में पहले से ही कयास लगाए जा रहे थे कि भाजपा उनके किसी परिजन को टिकट दे सकती है। बृजभूषण खुद भी चुनाव लड़ना चाहते थे लेकिन महिला पहलवानों द्वारा गंभीर आरोप लगाए जाने से उनकी उम्मीदवारी खतरे में पड़ गई।

### रायबरेली से दिनेश सिंह को बनाया प्रत्याशी

रायबरेली से भाजपा ने दिनेश प्रताप सिंह को उम्मीदवार घोषित कर दिया है। 2019 के चुनाव में दिनेश प्रताप सिंह सोनिया गांधी के खिलाफ इसी सीट से ताल ठोंक चुके हैं। इस बार ऐसा माना जा रहा था कि प्रियंका गांधी के लड़ने की दशा में भाजपा कोई बड़ा चेहरा उतार सकती है। भाजपा ने यूपी की दो सीटों कैसरगंज और रायबरेली को छोड़कर सभी सीटों पर प्रत्याशी भी घोषित कर दिए थे। टिकट में हो रही देरी के पीछे यह बात मानी जा रही थी कि पार्टी कांग्रेस के टिकट का इंतजार कर रही है।

### विधानसभा चुनाव के लिए छह उम्मीदवारों का ऐलान

**भुवनेश्वर।** ओडिशा के आगामी विधानसभा चुनाव के लिए भाजपा ने छह उम्मीदवारों के नामों की सूची जारी की है। इस सूची में घासीपुरा से शंभूनाथ राउत, भोगराई से आशीष पात्रा, भंडारीपोखरि से सुधांशु नायक, बरी से उमेश चंद्र जेना, बाराबती-कटक से पूर्णचंद्र महापात्र और बेगुनिया से प्रकाश चंद्र रणबिजुली का नाम शामिल है।

## धर्म के आधार पर आरक्षण हमें मंजूर नहीं: शरद पवार



**मुंबई।** राकांपा (शपा) के अध्यक्ष शरद पवार आज धर्म के आधार पर आरक्षण दिए जाने के मुद्दे पर अपनी स्थिति स्पष्ट करते नजर आए, क्योंकि पिछले कुछ दिनों से प्रधानमंत्री सहित अन्य भाजपा नेता आरक्षण का कर्नाटक मॉडल के बहाने कांग्रेस एवं आईएनडीआईए गठबंधन को घेरते दिख रहे हैं। पवार ने आज साफ किया कि धर्म के आधार पर आरक्षण उन्हें मंजूर नहीं है। शरद पवार गुरुवार को कोल्हापुर में एक संवाददाता सम्मेलन को संबोधित कर रहे थे। एक सवाल के जवाब में उन्होंने कहा कि धर्म के आधार पर आरक्षण की संकल्पना हमें मंजूर नहीं है। यदि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने भी ऐसा करने का प्रयास किया, तो हम उसके विरुद्ध भी संघर्ष करेंगे।

## इंडिया ब्लॉक के सत्ता में आते ही गिरेंगी BJP सरकारें

**पणजी।** कांग्रेस के वरिष्ठ नेता पवन खेड़ा ने गुरुवार को दावा किया कि मौजूदा लोकसभा चुनाव के बाद केंद्र में इंडिया ब्लॉक के सत्ता में आते ही 10 से 15 राज्यों में भाजपा के नेतृत्व वाली सरकारें गिर जाएंगी। उन्होंने कहा कि दल-बदल पर प्रतिबंध लगाने और दल बदलने वालों को अयोग्य ठहराने के लिए इंडिया ब्लॉक संविधान की 10वीं अनुसूची में संशोधन करेगा। कांग्रेस नेता ने कहा, केंद्र में इंडिया ब्लॉक के सत्ता में आते ही कम से कम 10 से 15 राज्यों में भाजपा के नेतृत्व वाली सरकार गिर जाएगी। हम दलबदल पर प्रतिबंध लगाने के लिए संविधान की 10वीं अनुसूची में संशोधन करेंगे। जो कोई भी दल बदल कर एक दल से दूसरे दल में जाएगा, उसे अयोग्य घोषित कर दिया जाएगा। 4 जून को नतीजे आने के बाद जुलाई तक ये सभी सरकारें गिर जाएंगी।

गुजरात के जामनगर में कांग्रेस पर बरसे प्रधानमंत्री

# कुप्रचार से शुरू हुई कांग्रेस की राजनीति कुंठा में बदली: मोदी

■ देश के राजा-महाराजाओं ने अखंड भारत बनाने के लिए दिया योगदान

**एजेंसी** | जामनगर

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने गुरुवार को गुजरात के जामनगर में एक जनसभा को संबोधित करते हुए कहा कि कुप्रचार से शुरू हुई कांग्रेस की राजनीति, आज कुंठा से घिर चुकी है। इनकी जो कुंठा पहले गुजरात को लेकर थी, आज कांग्रेस के भीतर देश की प्रगति को लेकर भी वहीं कुंठा, वहीं नफरत नस नस में भरी पड़ी है।

पीएम मोदी ने कहा कि गुजरात ने वर्तमान में देश के लिए जितना योगदान दिया है, उतना ही योगदान अतीत में भी दिया है। जामनगर के महाराजा दिग्विजय सिंह ने द्वितीय विश्व युद्ध के समय पोलैंड के नागरिकों को यहां शरण दी थी।

आज भी जब पोलैंड की पार्लियामेंट शुरू होती है, तो सबसे पहले जामनगर का और महाराजा दिग्विजय सिंह जी का स्मरण



होता है, फिर पार्लियामेंट शुरू होती है। पीएम ने कहा कि उन्होंने (महाराजा दिग्विजय सिंह ने) जो बीज बोए, उसके कारण आज भी पोलैंड के साथ हमारा रिश्ता मजबूत है।

जाम साहब के परिवार के साथ मेरा नाता रहा है, उनका आशीर्वाद रहा है। आज मैं यहां आते समय, उनका आशीर्वाद लेने गया और जब जाम साहब विजयी भवः कहते हैं, तब विजय निश्चित हो जाती है।

हमारे देश के राजा-महाराजाओं ने अखंड भारत बनाने के लिए अपना पीढ़ियों का राज-पाठ दे दिया था। उनके योगदान को ये देश कभी भूल नहीं सकता है।

### हम भारत की अर्थव्यवस्था को 5वें नंबर पर ले आए

प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि आज दुनिया में भारत का कद और सम्मान बढ़ रहा है। तो कांग्रेस के शहजादे और उनका पूरा ecosystem विदेशों में जाकर भारत को बदनाम करने के लिए लंबे-लंबे भाषण देकर आते हैं। कांग्रेस ने जब सत्ता छोड़ी, तब हमारे देश की अर्थव्यवस्था दुनिया में 11वें नंबर पर थी। देश जब आजाद हुआ था, तब देश की अर्थव्यवस्था 6ठें नंबर पर थी, वहां से कांग्रेस 11वें नंबर पर ले गए। एक चायवाला आया, उसकी रगों में गुजराती खून है। दुनिया में 11वें नंबर पर जो इकोनॉमी थी, वो अब 5वें नंबर पर पहुंच गई।

### कांग्रेस घोषणा पत्र में मुस्लिम लीग की छाप

पीएम मोदी ने कहा कि जब कांग्रेस का घोषणा पत्र आया, तब मैंने देश को चेताया था, खासकर देश का जो विचारक वर्ग है, उसे इशारा किया था कि कांग्रेस का घोषणा पत्र देश के लिए खतरे की घंटी है। मैंने साफ-साफ कहा था कि मैं कांग्रेस के घोषणा पत्र में मुस्लिम लीग की छाप देख रहा हूं। देश की आजादी से पहले भारत के विभाजन के लिए जो नैरेटिव गढ़े गए थे, आज कांग्रेस का घोषणा पत्र उन्हीं बातों को लेकर देशवासियों से वोट मांग रहा है। इंडी अलायंस की रैलियों में उनके नेता मुस्लिम वोटर्स से वोट जिहाद करने की अपील कर रहे हैं।

बरेली में बोले- गृह मंत्री

## इन चुनावों में कांग्रेस दूरबीन से भी नहीं आ रही नजर: अमित शाह

**एजेंसी** | बरेली



केन्द्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने गुरूवार को कांग्रेस पर निशाना साधते हुए कहा कि इस पार्टी के शहजादे राहुल गांधी ने चुनाव अभियान की शुरुआत भारत जोड़ो यात्रा से की थी, मगर इसका समापन अगली चार जून को कांग्रेस ढूंढो यात्रा से होगा।

शाह ने बरेली से भाजपा उम्मीदवार छत्रपाल गंगवार के समर्थन में आयोजित एक जनसभा को सम्बोधित करते हुए कहा, हमारे सामने यह घमंडिया गठबंधन इंडी चुनाव लड़ रहा है।

इनके शहजादे राहुल बाबा ने चुनाव की शुरुआत 'भारत जोड़ो यात्रा से की थी, परंतु, मैं आज बरेली में कहकर जा रहा हूं कि शुरुआत 'भारत जोड़ो यात्रा से की गई थी, मगर चार जून के बाद 'कांग्रेस ढूंढो यात्रा से इसका समापन होने वाला है। अमित शाह ने दावा किया, दो चरण के चुनाव में कांग्रेस दूरबीन से भी नजर में नहीं आ रही है और नरेंद्र मोदी सेंचुरी मारकर 400 की दौड़ में बहुत आगे निकल गए हैं।

केन्द्रीय गृह मंत्री ने कहा, यह चुनाव नरेंद्र मोदी को तीसरी बार प्रधानमंत्री बनाने का चुनाव है। यह चुनाव हमारे देश के अर्थ तंत्र को संसार का तीसरे नंबर का अर्थ तंत्र बनाने का चुनाव है। यह चुनाव तीन करोड़ लखपति दीदी बनाने का चुनाव है।

यह चुनाव आतंकवाद और नक्सलवाद को समाप्त करने का चुनाव है।

### राम मंदिर को लेकर कांग्रेस की आलोचना

गृह मंत्री ने अयोध्या में राम मंदिर निर्माण का जिक्र करते हुए इस मुद्दे पर भी कांग्रेस की आलोचना की। उन्होंने आरोप लगाया, 70 साल से कांग्रेस राम मंदिर के मसले को अटका रही थी, भटका रही थी, लटका रही थी। आपने नरेंद्र मोदी को दूसरी बार प्रधानमंत्री बनाया, तब मोदी ने पांच ही साल में केस भी जीता, भूमि पूजन भी किया और 22 जनवरी को प्राण-प्रतिष्ठा करके जय श्री राम कर दिया। अमित शाह ने कहा कि समाजवादी पार्टी (सपा) के मुखिया अखिलेश यादव, उनकी पत्नी डिंपल, कांग्रेस नेता राहुल गांधी और प्रियंका गांधी मंदिर निर्माण ट्रस्ट की ओर से निमंत्रण भेजे जाने के बावजूद प्राण प्रतिष्ठा समारोह में नहीं गए क्योंकि उन्हें अपने 'वोट बैंक वालों का डर था।

राजीव प्रताप रूडी के समर्थन में राजनाथ सिंह की जनसभा

## किसी हाल में लौटकर नहीं आना चाहिए लालटेन युग

**एजेंसी** | छपरा

केंद्रीय रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने गुरुवार को कहा कि बिहार में लालटेन युग किसी हाल में लौटकर नहीं आना चाहिए। उन्होंने राष्ट्रीय जनता दल को घेरते हुए राजीव प्रताप रूडी की तारीफ भी की। वह रूडी के समर्थन में यहां आयोजित जनसभा में बोल रहे थे। राजनाथ सिंह ने अपने संबोधन में कहा कि रूडी पेशे से पायलट भी हैं, इसलिए वह हवाई जहाज उड़ाते हैं। वैसे ही सारण के सभी लोकसभा प्रत्याशी को हवा में उड़ा देंगे। भाजपा की विचारधारा को देखते हुए एमपी और गुजरात



में कांग्रेस के प्रत्याशी नामांकन के बाद भाजपा को अपना समर्थन दे रहे हैं।

उन्होंने कहा कि 400 पार का जो हमने लक्ष्य लिया है, वह निश्चित ही पूरा कर लेंगे। 10 साल से हम केंद्र की सरकार में हैं, हम विश्व स्तर पर काफी मजबूत हुए हैं। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने सारण लोकसभा सीट से एनडीए प्रत्याशी के पक्ष में राजेंद्र स्टेडियम मैदान में आयोजित आशीर्वाद सभा को संबोधित करते हुए कहा कि पहले भारत की बातों को अंतरराष्ट्रीय स्तर पर गंभीरता से नहीं लिया जाता था। उन्होंने कहा कि आज भारत जब बोलता है तो पूरा विश्व कान खोलकर सुनता है। 2014 तक भारत धन-दौलत के मामले में विश्व स्तर पर 11वें स्थान पर था। नरेंद्र मोदी के नेतृत्व वाली सरकार में अब भारत पांचवें स्थान पर है। सिंह ने कहा कि विश्व की सारी एजेंसियां यह बता रही हैं कि भारत सबसे तेजी से विकास करने वाला देश है।

### देश की सारी सीमाएं सुरक्षित

राजनाथ ने कहा कि रक्षा मंत्री होने के नाते मैं आपको विश्वास दिलाता हूं कि भारत की सारी सीमाएं बिल्कुल सुरक्षित हैं। अब भारत अपनी सीमा के अंदर घुसपैठियों को मार गिराता है और जरूरत पड़ती है तो सीमा के उस पार जाकर भी प्रहार सकता है। यह भारत की हैसियत है। उन्होंने जनधन खाता, आधार और मोबाइल को भारत का त्रिमूर्ति करिश्मा बताया और कहा कि इससे दिल्ली के खाते से 100 पैसा चलता है तो नागरिक के खाते में 100 पैसा पहुंच जाता है। सिंह ने कहा कि यूक्रेन युद्ध में फंसे 22 हजार भारतीयों की जान जब खतरे में थी तब प्रधानमंत्री ने रूस और यूक्रेन के राष्ट्रपति से बात कर युद्ध को साढ़े चार घंटे रुकवा कर अपने नागरिकों को भारत वापस लाए थे। अपने संबोधन के दौरान बिहार में किसी भी हाल में 'लालटेन युग' नहीं आने देने की बात कही। उन्होंने धर्म के आधार पर आरक्षण देने की व्यवस्था संविधान के विरुद्ध है कांग्रेस और राजद के लोग जनता के सामने आंखों में धूल झोंकने का काम कर रहे हैं।

## सर्वे के नाम पर वोटरों का रजिस्ट्रेशन करें बंद

**एजेंसी** | नई दिल्ली

निर्वाचन आयोग ने राजनीतिक दलों और उम्मीदवारों की ओर से सर्वे के नाम पर वोटरों के रजिस्ट्रेशन की खबरों पर कड़ा रुख अपनाया है। इसे बंद करने का निर्देश दिया है। आयोग ने गुरुवार को कहा कि राजनीतिक दलों और उम्मीदवारों द्वारा अपनी प्रस्तावित लाभार्थी योजनाओं के लिए विभिन्न सर्वे की आड़ में मतदाताओं का विवरण मांगना चुनाव कानून के तहत एक भ्रष्ट आचरण है। निर्वाचन आयोग ने कहा कि कुछ राजनीतिक दल और उम्मीदवार ऐसी गतिविधियों में शामिल हैं, जो वैध सर्वे और चुनाव के बाद लाभ पहुंचाने वाली योजनाओं के लिए लोगों को पंजीकृत करने के पक्षपातपूर्ण प्रयासों के बीच की लकीर को धुंधला कर देते हैं।

आयोग ने एक एडवाइजरी जारी कर सभी राष्ट्रीय और राज्य स्तरीय राजनीतिक दलों को किसी भी विज्ञापन, सर्वेक्षण या मोबाइल एप के माध्यम से चुनाव के बाद लाभार्थी योजनाओं के लिए लोगों के रजिस्ट्रेशन वाली किसी भी गतिविधि को तुरंत बंद करने और इससे दूर रहने को कहा है।

मुरैना में चुनावी सभा को किया संबोधित

# पिता की शहादत को याद कर मंच पर भावुक हुई प्रियंका, पीएम को घेरा

**एजेंसी** | मुरैना

कांग्रेस की महासचिव प्रियंका गांधी गुरुवार को मुरैना पहुंचीं। यहां चुनावी सभा को संबोधित करते समय प्रियंका भावुक हो गईं। प्रियंका ने कहा कि 19 साल की उम्र में जब मैं अपने शहीद पिता जी के टुकड़े घर लाई।

तो मैं नाराज थी इस देश से। मेरे दिल में ये भावना थी कि मैंने अपने पिता को भेजा, तुम्हारा काम का सुरक्षित रखना। मैंने अपने पिता को हिफाजत से तुम्हारे पास भेजा। लेकिन मुझे टुकड़े लौटा दिए। टुकड़े देश के झंडे में लपेटे हुए थे। मैं नाराज थी। मैं समझती हूं शहादत का क्या मतलब है। आज मैं 52 साल की हूं, पहली बार मैंने मंच पर ये बात सार्वजनिक की है। वो नाराजगी थी, मैं समझी इस तरह की नाराजगी उसी से होती है जिससे प्रेम होता है। मेरे देश के लिए मेरे दिल में कितना प्रेम है मैं कैसे समझाऊं।

प्रधानमंत्री मेरे पिता को मंच पर खड़े होकर देशद्रोही बोलते हैं। प्रधानमंत्री कहते हैं मेरे पिता ने कोई कानून बदल दिया उनकी मां से विरासत लेने के लिए। तो मेरे दिल.. प्रधानमंत्री इस बात को समझ नहीं पाएंगे। कि मेरे पिता को विरासत में धन दौलत नहीं मिली। मेरे पिता को विरासत में शहादत की भावना मिली।




### प्रधानमंत्री नहीं समझ सकते भावना

प्रियंका ने आगे कहा कि आप समझ सकते हैं। इस देश के किसान हो। इस देश की मिट्टी आपने अपने पसीने से सींची है। आपने अपने बेटे भेजें हैं शहादत पर। जब आपके बेटे शहीद होते हैं देश के लिए तो मैं जानती हूं कि आपके दिल में क्या भावना है। क्योंकि वही भावना मेरे दिल में है। जो पुलवामा में शहीद हुए उनमें कुछ परिवार यूपी के थे। मैं उनके घर गई। उन परिवारों में जो बच्चे बचे थे, उन्होंने मुझसे कहा दीदी मुझे भी सेना में भर्ती होना है। एक लड़की थी, उसका भाई एयरफोर्स में था। उसने कहा दीदी मैं एयरफोर्स में भर्ती होकर पायलेट बनूंगी। यही है शहादत की भावना। मोदी नहीं समझ सकते। प्रियंका ने कहा कि प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी जैसी शहीद के बारे में उल्टी-सीधी बात करते हैं। जो प्रधानमंत्री इस भावना को देखकर सिर्फ परिवारवाद देखते हैं। देशभक्ति नहीं देखते। देश की सेवा नहीं देखते। वो इस भावना को नहीं समझ सकते। मैं आपको ये कहने आई हूं। हमें देशद्रोही कहें। हमें घर से निकाल दें। मेरे भाई को संसद से निकाल दिया। हम पर केस डाले। मेरे भाई पर इतने केस डाल दिए। कभी इधर कभी उधर, कभी गुजरात में, कभी बिहार में जाता है कोर्ट-कचहरी। कुछ भी कर लें, लेकिन ये भावना हमारे दिल से कोई नहीं निकाल सकता।

### किसानों से मिलने गई तो करवाया गिरफ्तार

प्रियंका ने कहा कि दिल्ली बॉर्डर पर लाखों किसानों ने आंदोलन किया, लेकिन पीएम मोदी ने उनकी एक बात नहीं सुनी। जब उत्तर प्रदेश का चुनाव आया और सैकड़ों किसान शहीद हो गए, तब जाकर तीन काले कानून वापस लिए। लखीमपुर में भाजपा के मंत्री के बेटे ने अपनी जीप से किसानों को रौंद दिया, लेकिन पीएम मोदी मंत्री और उनके बेटे को बचाने में लगे रहे। मैं किसान परिवारों से मिलने गई तो मुझे ही गिरफ्तार करवा दिया, लेकिन मंत्री और उसके बेटे को गिरफ्तार नहीं होने दिया, जिन्होंने किसानों को कुचला।

## जरूरी खबर

### आपराधिक कानूनों के लिए पुलिस को दें प्रशिक्षण




**नई दिल्ली**। जुलाई से भारत देश में तीन नए आपराधिक कानून लागू होने वाले हैं। गृह मंत्रालय ने पुलिसकर्मियों को प्रशिक्षण दिलाने के लिए सभी राज्यों से मदद मांगी है। ताकि सभी तक इसकी जानकारी पहुंच सके। देश के कानून में कुछ बदलाव किए हैं, 1 जुलाई को तीन नए कानून गृह मंत्रालय लागू कर रहा है। नए कानून हैं भारतीय न्याय संहिता, भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता और भारतीय साक्ष्य अधिनियम हैं, जो कि औपनिवेशिक युग के भारतीय दंड संहिता, आपराधिक प्रक्रिया संहिता और 1872 के भारतीय साक्ष्य अधिनियम की जगह लेंगे। इन नए कानूनों का उद्देश्य देश के नागरिकों को त्वरित न्याय देना है।

### दो फुटवियर कंपनियों में लगी भीषण आग

**बहादुरगढ़**। बहादुरगढ़ में एचएसआईआईडीसी सेक्टर-17 में स्थित दो फुटवियर कंपनियों में गुरुवार की सुबह अचानक आग लग गई। आग लगने के कारणों का पता नहीं चला है। दोनों फैक्टरियों में आग लगने से लाखों रुपए का नुकसान हुआ है। सूचना मिलते ही दमकल विभाग की गाड़ी आग बुझाने के लिए मौके पर पहुंची। फैक्टरी नंबर 218 में लगी आग पर दमकल कर्मियों ने एक घंटे में काबू पा लिया। जबकि 241 नंबर फैक्टरी में लगी आग को बुझाने में कर्मियों को कड़ी मशक्कत करनी पड़ी। करीब 8 घंटे में आग पर काबू पाया जा सका।

### अब एयर इंडिया में सफर कर सकेंगे CAPF के जवान

**नई दिल्ली**। केंद्रीय अर्धसैनिक बल सीएपीएफ के जवानों एवं अधिकारियों के लिए एक मई से एयर इंडिया की सेवा शुरू की गई है। यह सेवा, दिल्ली-श्रीनगर-दिल्ली रूट और श्रीनगर-जम्मू-श्रीनगर रूट पर प्रारंभ की गई है। इससे पहले प्राइवेट एयर कूरियर सर्विस के जरिए सीएपीएफ जवानों की आवाजाही होती थी। वहीं अब से जितने भी जवान या अधिकारियों को उक्त रूट पर यात्रा करनी है, उनकी डिटेल संबंधित यूनिट द्वारा 3 दिन पहले एयर इंडिया के पास भेजनी होगी। इसके अलावा सीएपीएफ जवानों को हवाई यात्रा की तिथि से एक दिन पहले ट्रांजिट कैंप-एयर कूरियर सर्विस पर पहुंचना होगा। दिल्ली-श्रीनगर-दिल्ली रूट पर सप्ताह के सातों दिन एयर इंडिया कूरियर सर्विस जारी रहेगी।

## मणिपुर में रह रहे 77 अवैध अप्रवासियों को भेजा म्यांमार



*नई दिल्ली। म्यांमार के रास्ते अवैध तरीके से मणिपुर में दाखिल हुए अवैध अप्रवासियों के खिलाफ राज्य सरकार एक्शन मोड में नजर आ रही है। गुरुवार को पहले चरण में मणिपुर में रहने वाले कुल 77 अवैध अप्रवासियों को आज म्यांमार को सौंप दिया गया। राष्ट्रीय सुरक्षा के लिए खतरे में चिंताजनक वृद्धि के बाद सीएम एन बीरेन सिंह ने अवैध अप्रवासियों की पहचान करने और बायोमेट्रिक डेटा दर्ज करने का आदेश दिया था।*

## गौतम अडाणी ने ब्रिटिश उच्चायुक्त से की मुलाकात



**नई दिल्ली**। अदाणी ग्रुप के चेयरमैन गौतम अदाणी ने भारत में ब्रिटिश उच्चायुक्त लिंडी कैमरून ने गुरुवार को मुलाकात की है। इस दौरान अदाणी और कैमरून के बीच इराक-अफगानिस्तान समेत तमाम मुद्दों पर बात हुई। अदाणी ने अपने एक्स हैंडल से एक फोटो शेयर करके लिंडी कैमरून से मीटिंग की जानकारी दी है। अदाणी ने एक्स पर पोस्ट किया, भारत में ब्रिटिश उच्चायुक्त लिंडी कैमरून से मुलाकात हुई। इस दौरान इराक-अफगानिस्तान समेत दुनियाभर में उनके कार्यकाल, साइबर सिक्योरिटी, न्यूक्लियर पावर का भविष्य समेत कई मुद्दों पर कैमरून की राय जानना दिलचस्प रहा। हम भारत-ब्रिटेन के रिश्ते को आगे बढ़ाने में अपनी महत्वपूर्ण भूमिका के लिए उन्हें शुभकामनाएं देते हैं।

### सुप्रीम कोर्ट रजिस्ट्री ने गलत धारणा पर बताया आधारित

# 2जी स्पेक्ट्रम मामले में केंद्र की याचिका अस्वीकार

**एजेंसी** | नई दिल्ली

2जी स्पेक्ट्रम मामले में सुप्रीम कोर्ट के फैसले में संशोधन की केंद्र सरकार की मांग को झटका लगा है। दरअसल सुप्रीम कोर्ट रजिस्ट्री ने केंद्र की याचिका को खारिज कर दिया है। सुप्रीम कोर्ट रजिस्ट्री ने केंद्र की याचिका को गलत धारणा पर आधारित और स्पष्टीकरण की आड़ में सुप्रीम कोर्ट के फैसले की समीक्षा कराने की कोशिश करार दिया। सुप्रीम कोर्ट ने साल 2012 में दिए अपने एक आदेश में कहा था कि देश के प्राकृतिक संसाधन नीलामी के जरिए ही आवंटित किए जा सकते हैं। इसी फैसले में केंद्र ने संशोधन की मांग की थी। बता दें पिछले महीने केंद्र ने सुप्रीम कोर्ट का दरवाजा खटखटाया था और 2012 के 2जी स्पेक्ट्रम फैसले में संशोधन की मांग की थी। केंद्र उस शर्त में संशोधन चाहता था जिसके तहत सरकार को स्पेक्ट्रम संसाधनों के आवंटन के लिए नीलामी मार्ग अपनाने की आवश्यकता पड़ती है।



**क्या है पूरा मामला**

सुप्रीम कोर्ट ने 2 फरवरी 2012 को दिए अपने एक आदेश में 2जी स्पेक्ट्रम के विभिन्न कंपनियों को दिए लाइसेंस निरस्त कर दिए थे, जो ए राजा के बतौर टेलीकॉम मंत्री रहते दिए गए थे। साथ ही कोर्ट ने कहा था कि देश के प्राकृतिक संसाधनों का आवंटन नीलामी के जरिए हो सकता है। अब बीती 22 अप्रैल को अटॉर्नी जनरल आर वेंकटरमानी ने मुख्य न्यायाधीश डीवाई चंद्रचूड़ और जस्टिस जेबी पारदीवाला की पीठ के समक्ष एक अपील की। जिसमें 2जी स्पेक्ट्रम मामले में सुप्रीम कोर्ट के 2012 के फैसले में संशोधन की मांग की गई। अटॉर्नी जनरल ने मामले को जल्द सूचीबद्ध करने की भी मांग की। केंद्र सरकार ने गैर व्यवसायिक उद्देश्यों के लिए 2जी स्पेक्ट्रम की नीलामी में छूट देने की मांग की। एनजीओ पब्लिक इंटरेस्ट लिटिगेशन ने केंद्र की याचिका का विरोध किया। इसी एनजीओ की याचिका पर सुप्रीम कोर्ट ने 2012 का फैसला दिया था।

**अपील कर सकती है केंद्र सरकार**

सुप्रीम कोर्ट के नियम XV के नियम पांच के मुताबिक सुप्रीम कोर्ट का रजिस्ट्री विभाग याचिका लेने से इनकार कर सकता है। इस नियम के मुताबिक रजिस्ट्रार कोई उचित कारण न होने, या निंदनीय मामला होने के आधार पर याचिका लेने से इनकार कर सकता है। हालांकि याचिकाकर्ता इस तरह के आदेश के खिलाफ 15 दिनों के भीतर अपील कर सकता है।

## महिलाओं के लिए 1 तिहाई सीटें रखें आरक्षित

**■ 2024-25 के चुनाव के लिए सुप्रीम कोर्ट ने दिया निर्देश**

**एजेंसी** | नई दिल्ली

सुप्रीम कोर्ट ने गुरुवार को सुप्रीम कोर्ट बार एसोसिएशन को अपनी कार्यकारी समिति में महिलाओं के लिए एक तिहाई पद आरक्षित करने का निर्देश दिया।

जस्टिस सूर्यकांत और केवी विश्वनाथन की पीठ ने एससीबीए से यह भी कहा कि 2024-25 के चुनावों में कोषाध्यक्ष का पद महिलाओं के लिए आरक्षित किया जाएगा। पीठ ने कहा कि पदाधिकारियों का एक पद रोटेशन के आधार पर महिलाओं के लिए आरक्षित किया जाएगा।

इस तरह पदाधिकारियों का एक पद, दो वरिष्ठ कार्यकारी सदस्यों और तीन कार्यकारी सदस्यों का पद अनिवार्य रूप से महिलाओं के लिए आरक्षित किया जाएगा। इससे पहले फरवरी में एससीबीए ने दिल्ली हाईकोर्ट को बताया था कि कार्यकारी सदस्यों के रूप में महिला अधिवक्ताओं के नामांकन पर चर्चा के लिए दो महीने के भीतर जनरल बॉडी की बैठक बुलाई जाएगी। जस्टिस सुधीर कुमार जैन की पीठ वकील योगमाया एमजी द्वारा दायर याचिका पर सुनवाई कर रही थी, जिसमें एससीबीए के भीतर लैंगिक प्रतिनिधित्व के मुद्दे का समाधान करने के लिए बैठक बुलाने की मांग की गई थी। याचिकाकर्ता ने एससीबीए से कार्यकारी समिति में महिला प्रतिनिधित्व की कमी से जुड़े मुद्दे का समाधान करने का अनुरोध किया था। इस सिलसिले में उन्होंने एससीबीए को एक प्रतिवेदन सौंपा था, जिस पर 270 सदस्यों के हस्ताक्षर थे।

## गोल्डी बराड़ की मौत की खबर अफवाह





नई दिल्ली। सिद्धू मूसेवाला के मर्डर का मास्टरमाइंड गोल्डी बराड़ जिंदा है। जी हां! बुधवार को इस नामी गैंगस्टर के हत्या की खबर ने भारत ही नहीं पूरी दुनिया में सनसनी मचा दी थी। हालांकि आधिकारिक पुष्टि न होने के चलते यह महज एक दावा था। अब खबर है कि गोल्डी बराड़ की जगह ग्लैडने की मौत हुई है। दरअसल, गोल्डी और ग्लैडने दिखने और नाम में समान हैं और शायद यही वजह रही कि ग्लैडने की जगह गोल्डी बराड़ के मौत की अफवाह उड़ गई। फिलहाल इस पूरे मामले की जांच चल रही है। गोल्डी की जगह अमेरिका में एक अफ्रीकी शख्स की हत्या हुई है। उसका नाम ग्लैडने है। अमरीका की पुलिस ने गुरुवार को गोल्डी बराड़ की मौत की खबर को गलत करार दिया था।

### संदेशखाली मामला

## हाई कोर्ट ने CBI की जांच से जताई संतुष्टि

**■ राज्य सरकार को सहयोग देने का निर्देश**

**एजेंसी** | कोलकाता

पश्चिम बंगाल के संदेशखाली की घटना को लेकर खूब हंगामा हुआ था। कलकत्ता हाईकोर्ट ने संदेशखाली में महिलाओं पर हुए अत्याचार और जमीन कब्जाने के आरोपों की जांच सीबीआई को सौंप दी थी। अब सीबीआई ने जांच की प्रारंभिक रिपोर्ट हाईकोर्ट को सौंप दी, जिस पर अदालत ने संतोष व्यक्त किया है। प्रधान न्यायाधीश टी एस शिवागनम ने न्यायमूर्ति हिरणमय भट्टाचार्य के साथ सीबीआई की रिपोर्ट की समीक्षा की। इस दौरान अदालत ने राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग (एनएचआरसी) को इस मामले में एक पक्ष के रूप में शामिल करने की अनुमति दे दी। वहीं, जानकारी को गोपनीय रखने की एजेंसी के



अनुरोध को भी स्वीकार कर लिया। कलकत्ता हाईकोर्ट ने 10 अप्रैल को कोर्ट की निगरानी में संदेशखाली में महिलाओं के खिलाफ हुए अपराध, जमीन कब्जाने जैसे आरोपों की सीबीआई जांच का आदेश दिया था। साथ ही दो मई को प्रगति रिपोर्ट दाखिल करने का निर्देश दिया था। इससे पहले, हाईकोर्ट ने संदेशखाली की घटनाओं को लेकर राज्य सरकार को फटकार लगाई थी। कहा था कि यह मामला बेहद शर्मनाक है। यह राज्य सरकार की जिम्मेदारी है कि वह हर नागरिक को सुरक्षा प्रदान करे। कोर्ट ने कहा था कि संदेशखाली मामले में जिला प्रशासन और पश्चिम बंगाल सरकार दोनों को नैतिक जिम्मेदारी लेनी चाहिए।

### पूर्व डिप्टी सीएम याचिका पर सुनवाई आज

## सिसोदिया ने जमानत के लिए दिल्ली हाई कोर्ट का किया रुख

**एजेंसी** | नई दिल्ली

दिल्ली के पूर्व डिप्टी सीएम मनीष सिसोदिया ने दिल्ली हाई कोर्ट में जमानत याचिका दाखिल की है। अब इस मामले पर दिल्ली हाई कोर्ट में शुक्रवार को सुनवाई होगी। दिल्ली की राउज़ एवेन्यू कोर्ट ने 30 अप्रैल को मनीष सिसोदिया की जमानत याचिका दूसरी बार खारिज की थी। मनीष सिसोदिया ने दिल्ली हाईकोर्ट में CBI और प्रवर्तन निदेशालय दोनों ही मामलों में जमानत याचिका दाखिल की है।



तत्काल सुनवाई के लिए कार्यवाहक मुख्य न्यायाधीश मनमोहन और न्यायमूर्ति मनमीत पीएस अरोड़ा की पीठ के समक्ष याचिका का उल्लेख किया गया। अदालत याचिका पर शुक्रवार को सुनवाई करने के लिए सहमत हो गई। सिसोदिया का प्रतिनिधित्व कर रहे वकील रजत भारद्वाज और मोहम्मद इरशाद ने कहा कि याचिकाकर्ता एक विधायक है। उन्होंने अदालत से जमानत की मांग करने वाली दोनों याचिकाओं को तत्काल सुनवाई के लिए सूचीबद्ध करने का आग्रह किया। सिसोदिया ने निचली अदालत के 30 अप्रैल के आदेश को चुनौती देते हुए उच्च न्यायालय का दरवाजा खटखटाया है।

### अब भारत बायोटेक ने दी सफाई

# हमारे लिए नागरिकों की सुरक्षा सर्वोपरि, भरोसा रखें

**एजेंसी** | नई दिल्ली

एस्ट्राजेनेका और कोविशील्ड जैसी कोरोना वैक्सीन के कथित साइड इफेक्ट जुड़ी खबरों के बीच हैदराबाद की टीका डेवलप करने वाली एक अन्य कंपनी भारत बायोटेक ने बयान जारी किया। कोवैक्सीन डेवलप करने वाली कंपनी भारत बायोटेक कहा कि उनके लिए नागरिकों की सुरक्षा सर्वोपरि है।

भारत बायोटेक ने कहा कि टीके से जुड़ी सभी आशंकाओं को खत्म करने और वैक्सीन के सुरक्षित इस्तेमाल को सुनिश्चित करने के हरसंभव प्रयास किए जाते हैं। भारत बायोटेक के




मुताबिक टीके के दुष्प्रभावों की खबरों के बीच टीका विकसित करते समय उनका एकमात्र फोकस सुरक्षा पर ध्यान केंद्रित करना रहा। कोवैक्सीन भारत सरकार की इकाई आईसीएमआर के साथ मिलकर विकसित की गई एकमात्र वैक्सीन है। इस तथ्य को रेखांकित करते हुए भारत बायोटेक ने कहा कि टीके के प्रभावी होने को लेकर भी परीक्षण किए गए। हालांकि, टीका कितना प्रभावी है, इसके बारे में सोचने से पहले हमने सुरक्षा का पहलू सबसे ऊपर रखा।

**गहन परीक्षण के बाद हुआ अंतिम फैसला**

गौरतलब है कि भारत में कोविशील्ड और कोवैक्सीन टीकों का ही बड़े पैमाने पर इस्तेमाल किया गया। कोवैक्सीन बनाने वाली कंपनी भारत बायोटेक ने कहा, कोवैक्सीन का मूल्यांकन उसकी लाइसेंस प्रक्रिया के हिस्से के रूप में 27,000 से अधिक विषयों में किया गया। इसे क्लिनिकल ट्रायल मोड में प्रतिबंधित उपयोग के तहत लाइसेंस दिया गया था। लाखों विषयों के लिए विस्तृत सुरक्षा रिपोर्टिंग की गई थी। यही नहीं कोवैक्सीन की सुरक्षा का मूल्यांकन भारत सरकार के स्वास्थ्य मंत्रालय ने भी किया था। कोवैक्सीन की निरंतर सुरक्षा निगरानी (फार्माकोविजिलेंस) भी की गई। तमाम पैमानों पर आकलन के बाद कोवैक्सीन का सुरक्षा रिकॉर्ड उत्कृष्ट पाया गया। इस टीके के इस्तेमाल के बाद रक्त के थक्के, थ्रोम्बोसाइटोपेनिया, टीटीएस , वीआईटीटी, पेरीकार्डिटिस, मायोकार्डिटिस जैसी कोई भी टीका-संबंधी घटना नहीं हुई है।

**कहां से शुरू हुई साइड इफेक्ट की बातें**

गौरतलब है कि वैक्सीन बनाने वाली कंपनी एस्ट्राजेनेका ने ब्रिटेन की अदालत में पहली बार माना है कि कोविड-19 की उसकी वैक्सीन से टीटीएस जैसे दुर्लभ साइड इफेक्ट हो सकते हैं। टीटीएस यानी थ्रोम्बोसइटोपेनिया सिंड्रोम शरीर में खून के थक्के जमने की वजह बनती है। इससे पीड़ित व्यक्ति को स्ट्रोक, हृदयगति थमने जैसी गंभीर समस्याएं हो सकती हैं। इस रिपोर्ट के सामने आने के बाद भारत में कोविशील्ड से जुड़े मामलों पर भी सुगबुगाहट तेज हो गई है।

## तमिलनाडु में टार्डिग्रेड की नई प्रजाति की खोज

**एजेंसी** | कोच्चि

शोधकर्ताओं ने तमिलनाडु के समुद्र तट के तलछट में टार्डिग्रेड की नई प्रजाति की खोज की है। शोधकर्ताओं ने भारत के चंद्र मिशन चंद्रयान के सम्मान में इसे 'बैटिलिप्स चंद्रायणी' नाम दिया है। कोचीन यूनिवर्सिटी ऑफ साइंस एंड टेक्नोलॉजी के समुद्री प्रौद्योगिकी विभाग के विज्ञानियों एस. बिजॉय नंदन और विष्णु दत्तन ने तमिलनाडु में मंडपम के समुद्र तट के तलछट से समुद्री टार्डिग्रेड की इस नई प्रजाति को खोजा।

बिजाय ने कहा कि यह प्रजाति आकार में अन्य टार्डिग्रेड के समान है, जिसकी लंबाई लगभग 0.15 मिलीमीटर और चौड़ाई 0.04 मिलीमीटर है। इसके चार जोड़े पैर हैं। इन प्रजातियों का पता लगाना बेहद मुश्किल है। इनका अध्ययन करने के लिए अंतरराष्ट्रीय सहयोग की जरूरत है।

टार्डिग्रेड को समुद्री भालू भी कहा जाता है। नई प्रजाति फाइलम टार्डिग्राडा से संबंधित हैं, जिसमें 1,300 से अधिक प्रजातियां हैं।

इनमें से केवल 17 प्रतिशत समुद्री प्रजातियां हैं। यह तीसरी बार है जब भारतीय जल क्षेत्र से समुद्री टार्डिग्रेड मिला है। इससे पहले इसी शोध टीम ने 2021 में दक्षिण पश्चिमी तट (स्टाइगारक्टस केरलेंसिस) और 2023 में दक्षिण-पूर्वी तट (बैटिलिप्स कलामी) से समुद्री टार्डिग्रेड की खोज की थी।

## तीन दिन तक हनुमंत कथा सुनाएंगे पं. धीरेन्द्र कृष्ण शास्त्री

# जयपुर में लगेगा बागेश्वर धाम वाले बाबा का दिव्य दरबार, खोलेंगे पर्ची

■ 30 मई से 1 जून तक होगा आयोजन

बेधड़क | जयपुर

जयपुर सनातनी रंग में रंगा नजर आएगा और दिव्य दरबार सजेगा। हेलीकॉप्टर से फूल बरसेंगे और महिला-पुरुष कलश यात्रा निकालकर जयपुर को काशी का रूप देंगे। ये अनूठा नजारा होगा हनुमान ग्राम सेवा समिति के तत्वावधान में गुलाबी नगर में बागेश्वर धाम सरकार के तीन दिवसीय कार्यक्रम में, जो 30 मई से 1 जून तक होगा।

आयोजक सीताराम यादव ने बताया, कि रघुनाथ धाम जयपुर के पीठाधीश्वर स्वामी सौरभ राघवेन्द्राचार्य महाराज के सान्निध्य में आयोजित होने वाला कार्यक्रम जेडीए स्कीम लालचंदपुरा, निवारू रोड पर आयोजित किया जाएगा। कार्यक्रम में बागेश्वर धाम के पीठाधीश्वर पं. धीरेन्द्र कृष्ण शास्त्री बागेश्वरधाम सरकार हनुमान भक्तों को 3 दिवसीय हनुमंत कथा सुनाएंगे।





### 29 को निकाली जाएगी कलशयात्रा

कथा के प्रारंभ होने से पहले 29 मई को सुबह 8 बजे कलशयात्रा निकाली जाएगी। यात्रा का मार्ग में अनेक स्थानों पर पुष्प-वर्षा कर स्वागत किया जाएगा। आसमान से हेलीकॉप्टर द्वारा पुष्प-वर्षा की जाएगी। कलश यात्रा में लाखों स्त्री व पुरुषों के भाग लेने की संभावना है। यात्रा में जहां स्त्रियां अपने सिर पर कलश धारण कर मंगल गीत गाते हुए यज्ञ स्थल तक जाएंगी। पुरुषों के हाथों में लाल कपड़े में श्रीफल लपेटे हुए होंगे, जिन्हें लेकर वे यज्ञ स्थल तक जाएंगे और अपनी मनोकामना पूर्ण होने की अर्जी लगाएंगे।

### दिव्य दरबार में सुनेंगे लोगों की समस्याएं, बताएंगे समाधान

कार्यक्रम के दौरान ही एक दिवसीय दिव्य दरबार लगेगा, जिसमें श्रद्धालुओं की हर तरह की समस्याओं का निराकरण बागेश्वरधाम सरकार द्वारा पर्ची के माध्यम से किया जाएगा। दिव्य दरबार में आने वाले भक्तों के लिए वाहन पार्किंग की व्यवस्था दरबार स्थल से 5 किलोमीटर पहले की जाएगी।

### एयरपोर्ट से आयोजन स्थल तक बनाए जाएंगे 108 गेट

बागेश्वरधाम सरकार को एयरपोर्ट से पुष्प वर्षा करते हुए आयोजन स्थल तक लाया जाएगा, जिसमें हजारों लोग गाड़ियों में भगवा ध्वज हाथों में लहराते हुए और बालाजी के जयकारे लगाते हुए चलेंगे। एयरपोर्ट से आयोजन स्थल तक शहर में अनेक स्थानों पर 108 भव्य स्वागतदार बनेंगे। जगह-जगह महाराज का पुष्पों से और जयकारों से स्वागत-अभिनंदन किया जाएगा।

### एक कुंड पर बैठेंगे तीन यजमान जोड़े

सनातन हिन्दु सभा के राष्ट्रीय अध्यक्ष और कार्यक्रम संयोजक राजेन्द्र खंडेलवाल ने बताया कि आयोजन के दौरान 108 कुंडीय श्रीराम महायज्ञ होगा। यज्ञ का श्रीगणेश बागेश्वर धाम के पीठाधीश्वर पं. धीरेन्द्र कृष्ण शास्त्री के पूजन-अर्चन के बाद होगा। महायज्ञ में एक कुंड पर तीन यजमान जोड़े बैठेंगे।

### 10 हजार कार्यकर्ताओं की टीम गठित

कार्यक्रम के लिए लगभग 10 हजार कार्यकर्ताओं की टीम का गठन किया जा रहा है। व्यवस्था सुचारू रखने, उनके रहने, खाने-पीने की व्यवस्था आयोजन स्थल पर होगी। इसके लिए बड़ी टेंट सिटी बनेगी, जिसमें कार्यकर्ता आराम और भोजन कर सकें। आयोजन में धार्मिक, सामाजिक व व्यवसायिक संगठन सहयोग कर रहे हैं। शहर के सभी धर्म प्रेमियों, संस्थानों, साधु-संतों, और मठाधीश्वरों में इस आयोजन के प्रति अत्यधिक उत्साह देखने को मिल रहा है। प्रतिदिन 10 लाख लोगों के शामिल होने की संभावना है।

## 'रंग दे जयपुर' होगी उत्सव की थीम



**बेधड़क. जयपुर।** कला, संस्कृति और रचनात्मकता का उत्सव मनाने के लिए फिक्की लेडीज ऑर्गेनाइजेशन (फ्लो) जयपुर चैप्टर 4 और 5 मई को राजस्थान इंटरनेशनल सेंटर (आरआईसी) में 'जयपुर आर्ट फेयर' का आयोजन करेगा। कला उत्सव 'रंग दे जयपुर' थीम पर होगा। आर्ट फेयर का उद्घाटन 4 मई सुबह 11 बजे डॉ. लक्ष्यराज सिंह करेंगे। उद्घाटन समारोह के बाद 'प्रिजर्वेशन ऑफ हेरिटेज आर्ट एंड कल्चर इन उदयपुर' विषय के साथ 'द लिगेसी एंड डायनेस्टी ऑफ द ग्रेट किंग-महाराणा प्रताप' पर इंटरेक्टिव टॉक आयोजित होगी। फेयर में करीब 88 हैंडीक्राफ्ट और हैंडलूम आर्टीजंस हिस्सा ले रहे हैं। करीब 15 पुरस्कार विजेता आर्टीजंस शामिल होंगे। क्राफ्ट्स काउंसिल ऑफ वीवर्स एंड आर्टीजंस (सीसीडब्ल्यूए) द्वारा इन पुरस्कार विजेता आर्टीजंस को फेयर में कॉम्प्लीमेंट्री स्टॉल दिए जाएंगे।

### राजकुमार राव आज जयपुर में

**बेधड़क. जयपुर।** जयपुर में शुक्रवार को फिल्म श्रीकांत के प्रमोशन के लिए अभिनेता राजकुमार राव होंगे। इस अवसर पर विद्यार्थी भी अभिनेता के साथ रंगारंग कार्यक्रम प्रस्तुत करेंगे।

राजकुमार राव फिल्म से जुड़े अनुभव शेयर करेंगे। साथ ही फिल्म की जानकारी देंगे।

### सिटी पार्क में हंसेगा जयपुर

**बेधड़क. जयपुर।** योगापीस संस्थान के तत्वाधान में 5 मई को अंतरर्राष्ट्रीय हास्य दिवस पर आयोजित हास्य महोत्सव का आयोजन किया जाएगा। योगाचार्य ढाकाराम के सानिध्य व जयपुर महापौर डॉ. सौम्या गुर्जर और अतिथियों की उपस्थिति में सब मिलकर हंसेंगे। इस अवसर शहर भर के हास्य प्रेमियों के साथ हास्य प्रतियोगिता में 20 हसौड़े ग्रुप सम्मिलित होंगे।

## पद्मश्री शुभा मुद्गल करेंगी सुरों से शृंगार



**बेधड़क. जयपुर।** जवाहर कला केन्द्र में शुक्रवार को 13वें हेमलता प्रभु स्मृति समारोह का आयोजन किया जाएगा। कार्यक्रम जयपुर की पहली महिला नाट्य निर्देशक और कनोड़िया महिला महाविद्यालय की सह-संस्थापक व महारानी महाविद्यालय में दो दशक तक अंग्रेजी शिक्षिका रहीं हेमलता प्रभु के 104वें जन्मदिवस पर होगा। मध्यवर्ती में शाम 6 बजे से होने वाले कार्यक्रम में शास्त्रीय गायिका पद्मश्री शुभा मुद्गल सुरों से शाम का शृंगार करेंगी। प्रस्तुति 'आलम-ए-इश्क', सूफी और निर्गुण भक्ति परंपराओं की प्रेम कविता का उत्सव होगी। तबले पर अनीश प्रधान और हारमोनियम पर सुधीर नायक संगत करेंगे।

## City इवेंट्स

### राज्यपाल को भेंट किया 'गीत कोश'



**बेधड़क. जयपुर।** वरिष्ठ पत्रकार व सिने इतिहासकार एम.डी. सोनी ने अपना ग्रंथ 'राजस्थानी फिल्म गीत कोश' गुरुवार को राज्यपाल कलराज मिश्र को राजभवन में भेंट किया। इस अवसर पर ग्रंथ की प्रकाशक मीना सोनी भी मौजूद रहीं। ग्रंथकार सोनी ने राज्यपाल को बताया कि ढाई सौ पेज की यह कॉफी टेबल बुक, राजस्थानी सिनेमा का पहला एनसाइक्लोपीडिया है। इसमें 1942 से 2022 तक बनी 233 राजस्थानी फिल्मों और उनके गीतों की शोधपरक व प्रामाणिक जानकारी दी गई है। सिने विरासत प्रकाशन से प्रकाशित इस ग्रंथ के जरिए नई पीढ़ी और शोधकर्ताओं को राजस्थानी फिल्मों के आठ दशक के इतिहास की विस्तृत जानकारी मिल सकेगी। राज्यपाल ने ग्रंथ को गौर से देखा और इसकी सराहना की।

### कॉट्योर शो का फर्स्ट लुक आज

**बेधड़क. जयपुर।** समर कलेक्शन के साथ वेस्टर्न, लहंगे और ब्राइडल लुक को विभिन्न डिजाइनर्स स्टाइलिश अंदाज में शोकेस करेंगे। साथ ही 2024-25 के नए समर व वेडिंग ट्रेंड जयपुर के रैंप पर देखने को मिलेंगे। मौका होगा राजस्थान के सबसे बड़े और प्रसिद्ध फैशन महोत्सव जयपुर कॉट्योर शो (जेसीएस) का। 12वें सीजन के साथ लौट रहे जेसीएस-2024 के तीन दिवसीय जलसे से पर्दा उठाते हुए फर्स्ट लुक लॉन्च शुक्रवार को होगा, जिसमें शहर के फैशन लवर्स शामिल होंगे। टोंक रोड स्थित कोडे ब्लेक में हुए आयोजन में मॉडल्स ने डिजाइनर द्वारा तैयार किए गए गारमेंट्स की पहली झलक शोकेस की।

### जयपुर के आरजे को मुंबई में अवॉर्ड

**बेधड़क. जयपुर।** रेडियो जॉकी अर्जुन को इस वर्ष के आरजे ऑफ द इयर (ओवरऑल) के अवॉर्ड से नवाजा गया। मुंबई में आयोजित एसीईएफ ग्लोबल कस्टमर इंगेजमेंट समिट-2024 के 13वें संस्करण में अर्जुन को ये अवॉर्ड रेडियो जगत में कार्यो और अपनी आवाज से लोगों को मनोरंजित करने के लिए मिला। वे पिछले 5 साल से रेड एफएम में अपने शो से लोगों के चहरों पर हसीं लाने के साथ संवादों और कार्यक्रमों से समाज को सामाजिक संदेशों को प्रोत्साहित कर रहे हैं। उन्होंने कहा, कि 'मुझे यह सम्मान प्राप्त होने पर गर्व है। सम्मान मेरे लिए और भी जिम्मेदारी बढ़ाता है कि मैं अपनी ऑडियंस को संतुष्टि और सोशल मैसेज दोनों प्रदान करूं। मेरे लिए ये बहुत बड़ी बात है।



## पंचायत का तीसरा सीजन अमेजन प्राइम पर 28 से

# प्रधान जी, सचिव जी! फुलेरा में फिर मचने वाली है उथल-पुथल



ओटीटी की सबसे बेहतरीन वेब सीरीज में एक पंचायत 3 के मेकर्स ने इसकी रिलीज डेट से पर्दा उठा दिया है। सोशल मीडिया पर बेहद ही दिलचस्प पोस्टर के साथ इस सीरीज की रिलीज डेट का ऐलान किया गया है। पंचायत का तीसरा सीजन अमेजन प्राइम पर 28 मई को रिलीज होगा। गौरतलब है कि

वेब सीरीज पंचायत के दो सीजन आ चुके हैं और दोनों ही सीजन अपनी मजबूत कहानी के साथ-साथ दमदार किरदारों की वजह से हिट हुए हैं। इस सीरीज में सचिव और प्रधान के साथ-साथ बाकी कैरेक्टर भी काफी मजेदार हैं। सभी किरदारों की झलक पंचायत 3 के नए पोस्टर में भी दिखाई गई है। इस पोस्टर में सभी कलाकार उड़ रही चिड़िया की तरफ देख रहे हैं। पंचायत के दोनों सीजन में फुलेरा गांव के अलग-अलग तमाशे दिखाए गए हैं। पहले सीजन में सचीव जी की एंट्री फुलेरा गांव में होती है और वह वहां से भागने में लगे रहते हैं, लेकिन दूसरी सीजन में रिंकी और सचीव जी की नैन लड़ते हैं। अब पंचायत 3 में कहानी बदल जाएगी। फुलेरा गांव में एक बार फिर उथल पुथल मचेगी, जिसका सामना सचीव जी और प्रधान जी करते हुए नजर आएंगे। बता दें कि इस सीरीज में जितेंद्र कुमार, नीना गुप्ता, रघुबीर यादव, फैसल मलिक, चंदन रॉय और संविका नजर आने वाले हैं।

## टीजर रिलीज, लॉर्ड बॉबी का लुक भी हुआ रिवील

# दो पार्ट में आएगी पवन कल्याण की फिल्म हरि हर वीरा मल्लू



दो पार्ट में रिलीज होने वाली मूवीज की लिस्ट में एक और नाम जुड़ गया है। यह मूवी है सुपरस्टार पवन कल्याण अपकमिंग पेन इंडिया फिल्म हरि हर वीरा मल्लू। इस फिल्म को दो भागों में रिलीज करने की पुष्टि हो गई है, जिसमें पहले भाग का नाम स्वोर्ड वर्सेज स्पिरिट है। कृष जगरलामुडी और ज्योति कृष्णा द्वारा निर्देशित इस फिल्म में बॉबी देओल और निधि अग्रवाल भी हैं। महान डाकू वीरा मल्लू के जीवन पर आधारित यह फिल्म मुगल काल पर आधारित है, जहां डाकू वीरा मल्लू को मुगलों से कोहीनूर हीरा चुराने का काम सौंपा जाता है। निर्माताओं ने पहला टीजर जारी किया है जो एक्शन से भरपूर है। इसका हिंदी टीजर पवन कल्याण के फैंस को खासा पसंद आ रहा है। टीजर में बॉबी देओल की झलक हालांकि थोड़ी सी ही दिखी है, लेकिन जितनी भी दिखी है उसने फैंस की उत्सुकता बढ़ा दी है। बॉबी के किरदार का परिचय टीजर में दिया गया है। बॉबी मुगल सम्राट की भूमिका निभा रहे हैं। इस 1 मिनट 37 सेकंड के प्रोमो में पवन कल्याण अपनी तलवार चलाने की कला दिखाते हैं। ऑस्कर विजेता एमएम कीरावनी ने फिल्म में संगीत दिया है। इसका बीजीएम युद्ध के दृश्यों को बिल्कुल नए स्तर पर ले जाता है। टीजर फिल्म के प्रति इंटरेस्ट जगा रहा है। हरि हर वीरा मल्लू पार्ट 1 - स्वॉर्ड वर्सेस स्पिरिट 2024 के अंत तक आएगी।

**MHA कॉन्क्लेव** देश भर के मनोवैज्ञानिकों ने की डिप्रेशन, स्ट्रेस, टॉक्सिक हैप्पीनेस पर चर्चा

# ऐसा इकोसिस्टम बने कि मेंटल हेल्थ पर बेझिझक बात हो

बेधड़क | जयपुर

मेंटल हेल्थ अवेयरनेस कॉन्क्लेव में देश भर के साइकोलॉजिस्ट ने हिस्सा लिया। मेन्टल वेल बीइंग, आत्म अन्वेषण और इनर पीस के उद्देश्य से हुए प्रोग्राम से स्टूडेंट्स और सोसायटी में मेंटल हेल्थ के बारे में लोगों को जागरूक किया गया।

जेईसीआरसी में हुए कॉन्क्लेव से कोशिश की गई कि एक ऐसा इकोसिस्टम बने, जिसमें हर कोई एक-दूसरे से मेंटल हेल्थ के बारे में बेझिझक बात कर सकें।



### पैनल डिस्कशन में शामिल हुए एक्सपर्ट

कार्यक्रम में पैनल डिस्कशन का आयोजन हुआ, जहां डिप्रेशन, स्ट्रेस, टॉक्सिक हैप्पीनेस, रिलेशनशिप जैसे विषयों पर चर्चा की गई। पैनल में डॉ. एन के टाक (न्यूरोसाइकिएट्रिस्ट और एसोसिएट प्रोफेसर), अजिता मुले (वरिष्ठ मनोवैज्ञानिक, एमपॉवर एबीईटी), मुकेश अग्रवाल (प्रोफेसर व डायरेक्टर ट्रेनिंग, जेईसीआरसी), डॉ. मंजू भास्कर (प्रोफेसर व मनोचिकित्सा विभाग), इतिशा नागर (मनोवैज्ञानिक व शिक्षक), शौर्या (मनोविज्ञानिक व टीडब्ल्यूएस संस्थापक) ने हिस्सा लिया।

### मानसिक चिंता पर तुरंत परामर्श पर जोर

डॉ. एनके टाक (न्यूरोसाइकिएट्रिस्ट और एसोसिएट प्रोफेसर) ने किसी भी मानसिक स्वास्थ्य सम्बंधी चिंता के लिए तुरंत परामर्श लेने की महत्वता पर जोर दिया। वहीं, अजिता मुले (वरिष्ठ मनोवैज्ञानिक, एमपॉवर एबीईटी) ने मानसिक स्वास्थ्य जागरूकता को बढ़ावा देने में सहयोगात्मक प्रयासों पर प्रकाश डाला, डॉ. मंजू भास्कर (प्रोफेसर और प्रमुख, मनोचिकित्सा विभाग) ने शारीरिक और मानसिक स्वास्थ्य के अंतर्संबंध के बारे में चर्चा की, इतिशा नागर (मनोवैज्ञानिक और शिक्षक) ने मानसिक स्वास्थ्य परिणामों को आकार देने में बचपन के अनुभवों को महत्वपूर्ण बताते हुए दोस्ती और रिश्तों के एक सहायक नेटवर्क को बढ़ावा देने के महत्व को रेखांकित किया। शौर्या (मनोविज्ञानिक एवं टीडब्ल्यूएस के संस्थापक) ने मानसिक स्वास्थ्य को बनाए रखने में रिश्तों, नींद और आंतरिक शांति में संतुलन के महत्व को बताया। कार्यक्रम की कोऑर्डिनेटर मनोवैज्ञानिक भाग्यश्री चैटर्जी थीं। धीमंत अग्रवाल ने कहां कि मानसिक स्वास्थ्य और कल्याण को बढ़ावा देने की दिशा में काम कर रहे हैं और कॉन्क्लेव से ये पहल शुरू की गई है।



हां और नहीं- ये दुनिया के सबसे पुराने और छोटे शब्द है, लेकिन इनके इस्तेमाल के लिए सबसे ज़्यादा सोचना पड़ता है।
**विनायक शर्मा,** फाउंडर एंड एडिटर इन चीफ, सच बेधड़क मीडिया ग्रुप

### इजराइल-गाजा संघर्ष के बीच अमेरिकी विश्वविद्यालयों में विरोध प्रदर्शन तेज

# 30 यूनिवर्सिटीज से 1300 से ज्यादा छात्र अरेस्ट

**एजेंसी** | न्यूयॉर्क

अमेरिका के कई यूनिवर्सिटी कैंपस में गाजा के समर्थन में शुरू विरोध-प्रदर्शन बड़ा रूप लेता जा रहा है। अब तक 30 यूनिवर्सिटीज से 1300 से ज्यादा छात्र गिरफ्तार किए जा चुके हैं। यूनिवर्सिटी ऑफ कैलिफोर्निया, लॉस एंजिल्स ने आदेश दिया है कि प्रदर्शनकारी छात्र या तो कैंपस छोड़ दें या गिरफ्तारी के लिए तैयार रहें। फिलिस्तीन में इजराइली हमले के खिलाफ आंदोलन का गढ़ अमेरिका की कोलंबिया यूनिवर्सिटी बनी है। यहां एक बार फिर सैकड़ों छात्रों को हिरासत में लिए जाने से कॉलेज कैंपस और उसके बाहर तनाव और बढ़ गया है। न्यूयॉर्क में गिरफ्तारी और कैलिफोर्निया में झड़पों की घटनाओं के बीच छात्र घुटने टेकने और आंदोलन खत्म करने से इनकार कर रहे हैं। छात्र चश्मे, मास्क और हेलमेट पहनकर प्रदर्शन कर रहे हैं। पुलिस की गाड़ियों और बैरिकेडिंग ने यूनिवर्सटी कैंपस को घेरा हुआ है। आसमान में पुलिस के हेलिकॉप्टर गश्त कर रहे हैं। देर रात प्रदर्शनकारियों और पुलिसकर्मियों के बीच हिंसक झड़प भी हुई। आंदोलन कर रहे छात्रों की मांग है कि अमेरिका इजराइल के साथ अपने वित्तीय संबंध पर प्रतिबंध लगा दे और इजराइली कंपनियों का बॉयकॉट करे।






### क्यों हिरासत में लिए गए छात्र!

न्यूयॉर्क पुलिस ने कोलंबिया यूनिवर्सिटी और सिटी कॉलेज ऑफ न्यूयॉर्क में सैकड़ों छात्रों की गिरफ्तारियां दर्ज की हैं। यह कार्रवाई छात्रों पर तब की गई जब कोलंबिया यूनिवर्सिटी में फिलिस्तीनी का समर्थन कर रहे छात्रों ने कथित तौर पर परिसर में स्थित हैमिल्टन हॉल पर कब्जा कर लिया। इसके बाद इजराइल समर्थक और फिलिस्तीनी समर्थक भिड़ गए।

### प्रवासियों से नफरत के कारण पिछड़ रहे हैं चीन और भारत: बाइडेन

# अमेरिकी राष्ट्रपति ने भारत के खिलाफ उगला जहर

**एजेंसी** | वॉशिंगटन

अमेरिका के राष्ट्रपति जो बाइडेन ने भारत, चीन, रूस, और जापान को जेनोफोबिक देश कहा है। अमेरिकी राष्ट्रपति ने कहा कि चीन, जापान और भारत में जेनोफोबिया उनके विकास को रोक रहा है। उन्होंने तर्क दिया कि माइग्रेशन अमेरिकी अर्थव्यवस्था के लिए अच्छा रहा है, लेकिन ये देश जेनोफोबिया की भावना की वजह से माइग्रेशन के नाम से डरते हैं। चीन, जापान और भारत के साथ रूस का नाम भी बाइडेन ने उन देशों में लिया, जेनोफोबिक हैं। जेनोफोबिया से ग्रसित उनको कहा जाता है, जो अजनबियों से डरते या बाहरी अपरिचित व्यक्तियों से नफरत रखते हैं। यानी बाइडेन ने भारत को एक ऐसा देश कहा है, जो दूसरे देशों के लोगों से नफरत करता है। बाइडेन ने इस साल होने वाले राष्ट्रपति चुनाव के लिए अभियान के दौरान एशियाई और दूसरे गैर अमेरिकी मूल से लोगों को संबोधित करते हुए कहा कि हमारी अर्थव्यवस्था के बढ़ने का एक कारण आप जैसे अनेक लोग हैं। इसकी वजह ये है कि हम आप्रवासियों का स्वागत करते हैं, लेकिन कई देश प्रवासियों को बोझ की तरह देखते हैं। आज आखिर चीन आर्थिक रूप से इतनी बुरी तरह क्यों रुक रहा है, जापान को परेशानी क्यों हो रही है, रूस को क्यों दिक्कत है, भारत क्यों नहीं बढ़ रहा है? इसलिए क्योंकि वे जेनोफोबिक हैं। वे आप्रवासियों को नहीं चाहते हैं लेकिन सच ये है कि आप्रवासी ही हमें मजबूत बनाते हैं।



### अमेरिकी चुनाव में माइग्रेशन बन रहा मुद्दा

अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष ने पिछले महीने अनुमान लगाया था कि 2024 में प्रत्येक देश की वृद्धि पिछले वर्ष की तुलना में धीमी हो जाएगी। ये जापान में 0.9% से लेकर भारत में 6.8% तक होगी। मुद्रा कोष का अनुमान है कि अमेरिका 2.7% की दर से बढ़ेगा, जो पिछले साल की 2.5% दर से थोड़ा तेज है। कई अर्थशास्त्री उम्मीद से बेहतर प्रदर्शन का श्रेय आंशिक रूप से देश की श्रम शक्ति में विस्तार करने वाले प्रवासियों को देते हैं। इसी बात को बाइडेन ने भी अपने प्रचार के दौरान उठाया है।

### चीन में कहर बनकर बरस रही बारिश

# हाईवे ढहने से अब तक हुई 48 की मौत



**एजेंसी** | बीजिंग

चीन के दक्षिणी हिस्से में दो सप्ताह से चल रही बारिश कहर बनकर टूटी है। दक्षिणी चीन में भारी बारिश के बाद एक राजमार्ग का एक हिस्सा ढह जाने के कारण कई कारें ढलान से लुढ़कते हुए नीचे आ गईं और अब तक 48 लोगों की मौत हो गई। मीझोउ शहर प्रशासन ने बताया कि बुधवार देर रात करीब दो बजे राजमार्ग का 17.9 मीटर लंबा हिस्सा ढह गया। इससे 23 वाहन एक गड्ढे में गिर गए। एक सरकारी बयान के अनुसार, हादसे में 30 लोग घायल हुए हैं। गुआंगदोंग प्रांत के कुछ हिस्सों में पिछले दो हफ्तों में बारिश और बाढ़ आने के साथ ही ओलावृष्टि हुई है। पिछले सप्ताहांत प्रांत की राजधानी गुआंगझोऊ में एक तूफान में पांच लोगों की मौत हुई थी। ऐसा प्रतीत होता है कि बारिश के कारण राजमार्ग के नीचे की जमीन धंस गई और इस वजह से सड़क का एक हिस्सा भी धंस गया।

### स्कूल और बस सेवा बंद

# 15 दिन बाद UAE में बाढ़ की चेतावनी

**एजेंसी** | अबू धाबी

दुबई में 15 दिन के बाद फिर से तेज बरसात होने से जनजीवन प्रभावित हो गया। बारिश के कारण कई शहरों में पानी भरने की संभावना जताई जा रही है। यूएई मौसम विभाग ने 3 मई तक पूरे देश में भारी बारिश का अलर्ट जारी किया है। इसी बीच दुबई के इंटरनेशनल एयरपोर्ट से चार उड़ानें रद्द की गई हैं। रिपोर्ट के मुताबिक, दुबई शहर में बारिश के कारण स्कूल और बस सेवाओं को अगले आदेश तक के लिए बंद कर दिया गया है। अबू धाबी के शेख राशिद बिन सईद स्ट्रीट एयरपोर्ट पर भी तेज बारिश के बाद पानी भर गया। शारजहां सिटी में कई जगह पानी भरने के समाचार मिले हैं।



### आठ शहरों में ऑरेंज अलर्ट

दुबई पुलिस ने हालात की गंभीरता को देखते हुए अमीरात के कई इलाकों में सड़कों को बंद कर दिया है। अथॉरिटी ने लोगों को बाहर नहीं निकलने के लिए गाइडलाइन जारी की है। यूएई के 8 शहरों में बारिश का ऑरेंज अलर्ट है और कई जगह सड़कों पर पेड़ भी गिरे हुए हैं।

### 15 दिन पहले भी बारिश ने मचाई थी तबाई

इससे पहले 15 और 16 अप्रैल को यूएई, सऊदी अरब, बहरीन और ओमान में भारी बारिश हुई थी और देखते ही देखते तूफान में बदल गई थी। तब रेगिस्तान के बीच बसे शहर दुबई के इंटरनेशनल एयरपोर्ट पर तो बीते 24 घंटे में 6.26 इंच से ज्यादा बारिश हुई थी। मौसम संबंधी जानकारी देने वाली वेबसाइट 'द वेदरमैन डॉट कॉम' के मुताबिक यहां इतनी बारिश दो सालों में होती है।




सृष्टिविनायक एंटरटेनमेंट मीडिया प्राइवेट लिमिटेड के लिए मुद्रक व प्रकाशक मिताली यादव द्वारा सच बेधड़क दैनिक हिन्दी अखबार, 34/16-ए, शिप्रा पथ, मानसरोवर, जयपुर-302020 (राजस्थान) से प्रकाशित एवं भास्कर प्रिंटिंग प्रेस, शिवदासपुरा, रेलवे क्रॉसिंग टोंक रोड, जयपुर (राजस्थान) से मुद्रित।
**संपादक:** विनायक शर्मा*, **फोन नं. :** 9664014179 (ऑफिस), **ई-मेल:** news@sachbedhadak.com, **RNI No. :** RAJHIN/2021/82557 *समाचार चयन के लिए पी.आर.बी. एक्ट के तहत जिम्मेदार।

दैनिक हिन्दी अख़बार

# सच बेधड़क

“सच बेधड़क” दैनिक हिन्दी अख़बार की प्रति PDF के माध्यम से मुफ़्त प्राप्त करने के लिए इस लिंक पर Click कीजिए

Telegram

https://rb.gy/3bkrnl